CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 11°C

बरेली, बुधवार 18 फरवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 80 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खड़गे पेज 2



पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला खेल टाइम्स



रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना सम्पादकीय



तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने पेज 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा: पीएम मोदी

## पीएम ने फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले: भारत पर भरोसा, इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

**मुंबई, वार्ता**

**फ्रांस के** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलीकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों अपनी पत्नी के साथ पीएम मोदी के न्योते पर तीन दिन के भारत दौरे पर आए हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितम्बर 2023 में जी-20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।



- दोनों नेताओं ने टाटा-एयरबस की एच-125 हेलीकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया
- मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति का किया स्वागत

### ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने तबाह करने वाली हैमर मिसाइलें भारत में बनाने पर भी करार

**मुंबई।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। इनमें राफेल लड़ाकू विमान की खरीद पर चर्चा से लेकर हैमर मिसाइलों को भारत में बनाने के लिए समझौते पर भी बात हुई। इन मिसाइलों का जिक्र इसलिए भी अहम है, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में इन मिसाइलों की भूमिका काफी अहम रही थी। दरअसल, भारत ने बीते साल सात मई में जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, तब हमारे किसी भी जवान या विमान ने सीमा पार नहीं की थी। बल्कि आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का असल काम इन्हीं हैमर मिसाइलों और भारत की स्वदेशी निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के जरिये किया गया था।

# नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से



- राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए
- जनहित याचिका पर सुनवाई करने से किया इन्कार

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है, क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

### दिल्ली विवि परिसर में एक माह तक प्रदर्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में विश्वविद्यालय परिसर में सार्वजनिक बैठकों, जुलूसों, प्रदर्शनों और किसी भी प्रकार के विरोध-प्रदर्शन पर एक माह के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया है तथा एक महीने तक लागू रहेगा। आदेश के अनुसार परिसर में अनियंत्रित सार्वजनिक सभाओं और प्रदर्शनों से यातायात अवरोध, जन-जीवन को खतरा तथा शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जताई गई है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार आयोजक ऐसे कार्यक्रमों को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हुई।

### इंडिया एआई समिट में शामिल होंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। गेट्स फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार, बिल गेट्स तय कार्यक्रम के मुताबिक समिट में हिस्सा लेंगे और अपना कीनोट एड्रेस देंगे। मंगलवार को वेबसाइट पर गेस्ट की लिस्ट में उनका नाम नहीं था। ऐसे में खबरें चल रही थीं कि सरकार ने उनका निमंत्रण रद्द कर दिया है। इसकी वजह अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादित दस्तावेजों में आए उनके नाम को बताया गया था। 16 फरवरी से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हुई समिट 20 फरवरी तक चलेगी।

# अजित पवार प्लेन क्रैश की सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और एनसीपी नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात कर बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। सुनेत्रा के साथ उनके बड़े बेटे पार्थ पवार, एनसीपी नेता सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ भी थे।

सुनेत्रा ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीएम को एक पत्र सौंपा। तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करने का भरोसा दिया है।

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सीएम फडनवीस से मिलीं, भतीजे रोहित ने साजिश की जताई थी आशंका

इधर, विमान दुर्घटना जांच एजेंसी (एएआईबी) ने लियरजेट-45 के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए विशेष सहयोग मांगा है। पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था।

### बारामती में क्रैश विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गई थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले '40 फीसदी कमीशन' वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान



- कर्नाटक चुनाव में 40% कमीशन वाले विज्ञापन का मामला
- हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका खारिज की

विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 फीसदी कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक जून 2024 को सिद्धारमैया, शिवकुमार को और 7 जून 2024 को राहुल को जमानत दे दी थी। हालांकि राहुल गांधी ने समन को हाईकोर्ट में भी चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील दत्त यादव की सिंगल बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की कार्यवाही आगे बढ़ाना कानून की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल होगा।

### चुनाव आयोग तुगलकी आयोग बना: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने चुनाव आयोग को तुगलकी आयोग बताया और आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। ममता ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला कर्मचारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा के निर्देश पर चुनाव आयोग स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। आयोग लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों से आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि भाजपा को खुश करने के लिए बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग की ओर से निलंबित किए गए सात असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (एईआरओ) का बचाव भी किया।

# मुंबई तट के पास तीन संदिग्ध तेल टैंकर जब्त

**नई दिल्ली/मुंबई।** भारत ने इस महीने मुंबई तट के पास तीन तेल टैंकर जब्त किए हैं। इन जहाजों के आईएमओ नंबर अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाजों से मेल खाते हैं और इनका ईरान से संबंध होने का शक है। हालांकि, ईरान की नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) ने इन जहाजों से किसी भी तरह के संबंध से इन्कार किया है।

सूत्रों के मुताबिक इन जहानों के नाम स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफिजआ हैं। इन्हें मुंबई तट से लगभग 100 नाटिकल माइल्स पश्चिम में संदिग्ध गतिविधियों के बाद रोका गया था। बाद में जांच के लिए मुंबई पोर्ट लाया गया है। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। इन जहाजों की मालिक विदेशी कंपनियां हैं। भारतीय अधिकारियों ने इस कार्रवाई की जानकारी 6 फरवरी को एक्स पर दी थी, लेकिन बाद में वह पोस्ट हटा दी गई। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड ने निगरानी और सख्त कर दी है। 24 घंटे भारत के समुद्री क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं। इसके लिए करीब 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए गए हैं।

- पहचान छिपाने के लिए नाम-झंडा बदला
- ईरान सरकार बोली: जहाजों से हमारा कोई संबंध नहीं



नई दिल्ली: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) की परीक्षा में बैठने से पहले कक्षा 10वीं की छात्राएं खुशी का इजहार करते हुए।

# भारत के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं: मोदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- प्रधानमंत्री ने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की

**नई दिल्ली।** ग्लोबल साउथ में अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा आयोजन इंडिया एआई समिट 2026 नई दिल्ली में जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से विशेष बातचीत की।

उन्होंने भारत की एआई रणनीति, भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने साफ किया है कि भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का जरिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज एआई एक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ा है। यह मानवीय क्षमताओं को अभूतपूर्व तरीकों से बढ़ा सकता है, लेकिन अगर इसे बिना मार्गदर्शन के छोड़ दिया गया, तो यह मौजूदा सामाजिक नींव की परीक्षा भी ले सकता है। इसीलिए उन्होंने जानबूझकर इस समिट को प्रभाव के इर्द-गिर्द तैयार किया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसके परिणाम सार्थक और न्यायसंगत हों, न कि केवल नवाचार तक सीमित रहें। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना भारत के सभ्यतागत दर्शन को दर्शाती है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य सभी का कल्याण और सभी की खुशी होना चाहिए। तकनीक मानवता की सेवा के लिए है, उसे प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सिस्टम दुनिया भर के समाजों से ज्ञान और डेटा लेते हैं, इसलिए इसके लाभ सभी तक पहुंचने चाहिए, न कि केवल शुरुआती अपनाने वालों तक सीमित रहने चाहिए। भारत ग्लोबल साउथ की कम प्रतिनिधित्व वाली आवाजों और विकास प्राथमिकताओं को मंच दे रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि एआई विकसित भारत 2047 की यात्रा में एक परिवर्तनकारी अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एआई का रणनीतिक उपयोग विकास की गहरी चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ आर्थिक अवसर पैदा करने और शहरी-ग्रामीण अंतर को पाटने में मदद करता है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर में 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को लखनऊ में पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिससे सभी परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इसके अलावा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 भी उपलब्ध रहेंगे।

- 53.37 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषित-वंचितों के सशक्तीकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक न्याय को व्यवहारिक धरातल पर उतारने का कार्य किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उधर 17 फरवरी को उनकी 38वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार की राजनीति में भी एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

### यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'सुगम दर्शन' टूर पैकेज की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह विशेष व्यवस्था अयोध्या जिला प्रशासन के सहयोग से तैयार की गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा 21 फरवरी से शुरू की जा रही है। इच्छुक यात्री आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में विस घेराव से पहले अजय राय गिरफ्तार

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ की बर्बरता!

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनता के हक की आवाज उठाने पर सरकार ने करवाई गिरफ्तारी: अजय
- गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत व तानाशाही की हार

**लखनऊ।** मनरेगा का नाम बदले जाने के विरोध में विधानसभा घेराव के ऐलान के बीच मंगलवार को प्रदेश की सियासत गरमा गई। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण विरोध को दबाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। राजधानी लखनऊ में विधानसभा के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कई स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। गिरफ्तारी के बाद अजय राय ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के हक की आवाज उठाने पर भाजपा सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरता की गई, उन्हें पीटा गया और हिरासत में लिया गया। अजय राय ने कहा कि पुलिस का यह दमनचक्र कांग्रेस के सिपा. हियों को नहीं डिगा पाएगा। गिरफ्तारी हमारे हौसलों की जीत है और यह तानाशाही की हार है। लड़ाई जारी रहेगी। सरकार की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता डटकर खड़ा है। चाहे मनरेगा का मामला हो, अहिल्याबाई होलकर से जुड़ा विवाद हो, अविमुक्तेश्वरानंद के कथित अपमान का मुद्दा हो, किसानों की जमीन का सवाल हो या लखनऊ की पुरानी मजारों को तोड़े जाने का मामला-कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने आकर रहेगी। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल इस घटना के बाद प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है और कांग्रेस ने अपने आंदोलन को जारी रखने का संकेत दिया है।

### विधानसभा में शायरी से एक दूसरे पर किए सियासी वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सवाल-जवाब के दौरान सियासी तकरार के साथ शायरी का रंग भी देखने को मिला। समा. जवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने शायरी पढ़ते हुए सरकार पर हमला बोला तो मंत्री गुलाबो देवी ने उसका जवाब दिया। रागिनी सोनकर ने एडेड स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि सरकार विज्ञान के शिक्षक क्यों उपलब्ध नहीं करा पा रही है और जो प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी भर्तियां कब तक की जाएंगी। इस पर जवाब देते हुए मंत्री गुलाबो देवी ने भी शायरी के अंदाज में पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जानकर अंजान बने, ये कुछ और बात है, इनको मालूम न हो ये और बात है। सूर्य की किरणें कितनी भी चमचमाएं, लेकिन सागर को सुखा नहीं सकतीं। मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## परिषदीय विद्यालयों की बंदी पर सपा ने किया हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने कहा- एक भी स्कूल नहीं हुआ बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों के कथित बंदी के मुद्दे पर सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। समाजवादी पार्टी के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरक. ारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जबकि गांव-गांव शराब की दुकानें खोली जा रही हैं।

सपा विधायकों ने शिक्षकों की कमी, भर्तियों में देरी और टीईटी को अनिवार्य किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। सपा सदस्यों ने कहा कि परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की रीढ़ हैं, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण उनकी स्थिति कमजोर हो रही है। शिक्षकों की नियुक्तियां लंबित हैं और कई स्कूल स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है, लेकिन एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। मंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

निजी स्कूलों की फीस और किताब-ड्रेस के नाम पर वसूली के मुद्दे पर भी सदन में चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में फीस रेगुलेशन एक्ट लागू है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति शिकायतों की जांच करती है और दोषी पाए जाने पर निजी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

## एआई सम्मेलन सरकार की अक्षमता का परिणाम: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है।

खड़गे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था, लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुं. चने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

## यूपी में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया

### विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समा. जवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला और कहा कि अखिलेश यादव को आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की शाखाओं में जाना चाहिए, ताकि उन्हें जल्दी उठने की आदत हो जाए। योगी ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर परिवारवाद और विकास विरोधी होने का आरोप लगाया। सीएम ने विपक्ष की नीतियों को हिंदू विरोधी करार दिया। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि पीडीए मतलब 'परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी'।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जब बीजेपी सरकार बनी थी, तब राज्य का बजट करीब 3 लाख करोड़ रुपये था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 9,12,600 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। यह विकास की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। पहले यूपी में महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है। सीएम ने कहा कि परसेप्शन प्रचार से नहीं बनता, पौने नौ वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे राज्य में शांति और विकास का माहौल बना है। विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि इनके लिए इनका परिवार ही सबकुछ है, इन्होंने परिवार को ही प्रदेश मान लिया है। आगरा के म्यूजियम का नाम बदलकर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर करने का जिक्र किया और कहा कि यह इतिहास के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्रगीत है, भारत की आजादी का मंत्र रहा है। जो गीत समग्र भारत को जोड़ने का काम किया था। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रध्वज का अपमान भारतीय संविधान का अपमान है और यह राष्ट्रद्रोह है। योगी ने विपक्ष को राष्ट्रविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसे लोग देश की एकता को कमजोर करते हैं।

## सपा सरकार में स्थापित चिकित्सा संस्थानों की अनदेखी कर रही है योगी सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाया है कि सपा शासनकाल में स्थापित मेडिकल कॉलेजों, कैंसर इंस्टीट्यूट और अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। यादव का कहना है कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कई मेडिकल कॉलेजों की इमारतें तो खड़ी कर दीं, लेकिन उन्हें सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर बिना पर्याप्त डॉक्टरों और स्टाफ के संचालित हो रहे हैं या अधूरी स्थिति में हैं, जिससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने जनहित के अस्पतालों की बजाय अपने राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी है। पार्टी का दावा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय समन्वय और प्रभावी नेतृत्व का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री पर भी सपा ने निशाना साधते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली कमजोर हुई है और मंत्री की भूमिका सीमित दिखाई देती है। सपा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिता. जनक है और भविष्य में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बदलाव की अटकलें भी लगाई जा रही हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83450.96
निफ्टी 25725.40



सोना रु. 151000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता



आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, टाइटन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टीसीएस के शेयर भी हरे निशान में रहे। क्वालिटी वाल्स का शेयर पांच प्रतिशत के करीब टूटा। इटरनल, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत से बीच गिरे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### दोपहिया की बिक्री 2.9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जाएगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आई तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा।

## चांदी की कीमत 6 हजार गिरी, सोना 3 हजार घटा

**नई दिल्ली।** मंगलवार को चांदी में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 6,667 रुपए गिरकर 2.34 लाख पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,903 रुपए सस्ता होकर 1.51 लाख पर आ गया है। पिछले चार कारोबारी दिन में चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। इसने 29 जनवरी को 3.86 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक चांदी घ1.51 लाख सस्ती हो चुकी है। सोना भी बीते चार कारोबारी दिन में 6 हजार रुपए सस्ता हुआ है। इसने भी 29 जनवरी को 1.76 लाख का हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 25 हजार सस्ता हो चुका है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कीमत बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं। दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40 प्रतिशत) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्क खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है। हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन होते हैं, ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।

## चावल कमजोर, गेहूं, चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



- गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े, चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव घट गए। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,842 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत तीन रुपये बढ़कर 2,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

आटा आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 15 रुपये और चना दाल की 12 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल 11 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत नौ रुपये और उड़द दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 57.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 33 रुपये और सरसों तेल 29 रुपये सस्ती हुई। वनस्पति में 19 रुपये और सूरजमुखी तेल में 15 रुपये की गिरावट रही। पाम ऑयल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी नौ रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल: आईआईएम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित 'टेंपल इकॉनमी मॉडल' को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) की ताजा केस स्टडी में मजबूती मिली है। 'इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या' शीर्षक से जारी अध्ययन में कहा गया है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन, निवेश, रोजगार और राजस्व में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। अध्ययन के अनुसार मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या मुख्यत: एक पारंपरिक तीर्थस्थल तक सीमित थी, जहां आगंतुकों की संख्या और स्थानीय बाजार की आय सीमित थी। होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति नगण्य थी और बुनियादी ढांचा भी सीमित था। रोजगार के अवसर कम होने के कारण युवाओं का पलायन सामान्य था। पर्यटन से होने वाला राजस्व भी राज्य की अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। अब वार्षिक स्तर पर 5.6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष..

**नेताओं के ...** जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है। हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें, जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने जयपुर से लॉन्च किया किसानों का एआई साथी 'भारत विस्तार' 2026

**लखनऊ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को जयपुर (राजस्थान) से किसानों के लिए समर्पित एआई आधारित प्लेटफॉर्म 'भारत विस्तार' 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह प्लेटफॉर्म आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और सटीक समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'भारत विस्तार' देश की कृषि व्यवस्था को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इसके जरिए किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब केवल एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इस नई सुविधा के तहत किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 नंबर डायल कर खेती से संबंधित किसी भी प्रश्न का उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। एआई तकनीक के उपयोग से किसानों को मौसम, बीज, खाद, कीटनाशक और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी तुरंत और सटीक रूप से मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।

## चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई: पटेल

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान 'नवाचार से प्रभाव: सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियां प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है। उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है।

इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। षचिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवे. दनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है।

# 32 परीक्षार्थियों ने छोड़ी गणित की परीक्षा

## दस परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा, सीसीटीवी कैमरे से हो रही निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के तहत जिले में बनाए गए 10 परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखा गया। केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही निगरानी के पुख्ता इंतजाम रहे, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रही।

जिले में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल गजरौला, नोबल पब्लिक स्कूल गजरौला, एचएसएस पब्लिक स्कूल गजरौला, द आर्यन स्कूल जोया, लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी अमरोहा, आरके पब्लिक स्कूल अमरोहा, हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल गजरौला, सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल अमरोहा, एमएस पब्लिक स्कूल धनौरा और ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा को परीक्षा केंद्र बनाया



गया था। कुल 3404 पंजीकृत छात्रों में से 3372 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 32 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के बाद छात्रों ने प्रश्नपत्र को मध्यम स्तर का बताया। छात्रों का कहना था कि न तो पेपर बहुत आसान था और न ही अधिक कठिन, जिससे अच्छे अंक लाने की उम्मीद बनी हुई है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल अग्रवाल ने कहा कि जिले में सीबीएसई परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, अनुशासन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगे की परीक्षाओं को भी इसी तरह पारदर्शी और नकलविहीन माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन और स्कूल प्रबंधन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा केंद्रों पर अभिभावकों की भी मौजूदगी रही और वे अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। छात्रों ने समय से पहले पहुंचकर परीक्षा में भाग लिया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी।



गजरौला। फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर ब्रजघाट स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

# शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पति की मौत के बाद मायके में रह रही विधवा महिला के साथ शादी करने का झांसा देकर अपने साथ ले गए एक व्यक्ति ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया, किसी तरह महिला उसके चंगुल से निकल कर अपने मायके पहुंची। स्थानीय पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी 14 वर्ष उत्तराखंड निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। वर्ष 2019 में उसके पति की

### ■ न्यायालय के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

मौत हो गई, जिसके बाद वह अपने बच्चों को लेकर अपने मायके आकर रहने लगी। बताते हैं कि कुछ समय अभी कुछ महीने पूर्व उसे जनपद शाहज. हांपुर के थाना कला के गांव लक्ष्मनपुर का ओमवीर पुत्र बाबू उसके सम्पर्क में आ गया। उसने महिला से नजदीकी बढ़ाई और बताया कि वह गजरौला की एक फैक्ट्री में डयूटी करता है और उससे शादी करना चाहता है। महिला झांसे में आकर घर से नकदी व जेवर आदि लेकर उसके साथ चली गई, मगर आरोप है कि ओमवीर ने शादी की बात पर टालमटोली की और कई अलग अलग स्थानों पर ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। एक माह पूर्व वह उसके चंगुल से निकल. कर मायके पहुंची और स्वजनों को बताया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को तहरीर दी गई। आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ओमवीर पुत्र बाबू निवासी गांव लक्ष्मनपुर थाना कलां जनपद शाहजहांपुर के रिपोर्ट दर्ज की है।

# अचानक लगी आग से हजारों के उपले जले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अचानक उपलो के बिटोरो में आग लगने के कारण हजारों रुपये का नुकसान हो गया। आग पर काबू पा लिया।

मंगलवार की दोपहर में कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका में अचानक उपलों के बिटोरो में आग लगने लगी। जब तक उधर को किसी की नजर पर पड़ती तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड का वाहन मौके पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड की आग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक खूबचंद पुत्र किशन, सोमवती पत्नी रुमाल सिंह, सुधा पत्नी संजय सिंह, राहुल पुत्र गोविंद, नरेश पुत्र बलवंता, जयपाल पुत्र बलवंता, रामकिशोर पुत्र बलवंता के बिटोरो में रखें हजारों रुपये कीमत के उपले जलकर राख बन गये। जिस स्थान पर आग लगी है वहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के उपलो के बिटोरे रखे हुए हैं। बड़ी मुश्किल से अन्य बटोरों को चपेट आग की चपेट में आने से बचाया जा सका।

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

## फाल्गुन अमावस्या पर ब्रजघाट व तिगरी में उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**गजरौला।** फाल्गुन अमावस्या के अवसर पर तीर्थ नगरी ब्रजघाट एवं गंगाधाम तिगरी में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया, साथ ही अपने घर परिवार में सुख-शांति व स्मृद्धि की प्रार्थना और पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए पुरोहितों के माध्यम से कथा व पूजन भी कराया।

मंगलवार को ब्रजघाट स्थित गंगा में भोर के समय ब्रहम मुहुर्त के साथ ही श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाना शुरू कर दिया था। दोपहर के समय धूप

### ■ स्नान करके पुरोहितों से कराई कथा व पूजन

खिलने पर श्रद्धालुओं की संख्या और भी ज्यादा बढ़ गई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की आत्मा-शान्ति के लिये पुरोहितों से कथा व पूजन कराया। यहां के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट स्थित वेदांत मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, अमृत परिसर मंदिर आदि के दर्शन भी किए। यहां पर न केवल अमरो. हा बल्कि मुरादाबाद, गाजियाबाद के साथ दिल्ली तक के श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। वहीं ब्रजघाट के साथ साथ ब्लॉक क्षेत्र के तिगरीगंगा धाम में भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। यहां पर ग्रामीण आंचलिक क्षेत्र के श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली। तिगरी निवासी पंडित गंगाशरण शर्मा ने बताया कि फाल्गुन अमावस्या का हिन्दू वर्ग में विशेष महत्तव है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवताओं का वास गंगा तट पर होता है। इसीलिए इस दिन गंगा स्नान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ होने के कारण ब्रजघाट एवं तिगरी दोनों ही स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल तैनात रहा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज से बोर्ड परीक्षाएं

## 68 केन्द्रों पर 51 हजार 277 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं का आगाज जनपद में कल 18 फरवरी से होने जा रहा है। परीक्षा 12 मार्च 2026 तक संचालित होगी। प्रशासन ने नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जनपद में कुल 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां हाईस्कूल के 28,583 तथा इंटरमीडिएट के 24,694, इस प्रकार कुल 51,277 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा दूसरी पाली



अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा को नकल. विहीन बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय कर दिए गए हैं और प्रत्येक कक्ष की निगरानी तीसरी आंख के जरिए की जाएगी। केंद्रों पर जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे तथा सचल दल लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन एवं सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे और अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त रोक रहेगी। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा उत्तर पुस्तिकाओं की जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापकों को सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। केंद्रों पर रोशनी, पंखे, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। जनपद में बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परीक्षा पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

# दो घरों से नकदी व गहने समेत लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ताले लगे दो सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी व गहनों समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची

### ■ पुलिस ने किया घटनास्थल का मुआयना

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अतरपुरा निवासी नितेश सरोज नगर की आरएसीएल कम्पनी में इंजीनियर है। उनके पिता राम अभिलाष सरोज व माता प्रेमा सरोज भी उनके ही साथ रहते हैं। ये लोग मूल रूप से प्रतापगढ़ के गांव गोपालपुर के निवासी हैं। इन दिनों नितेश के माता पिता अपने गांव गए हुए थे जबकि नितेश घर पर अकेले थे। सोमवार की रात को दस बजे वे डयूटी करने के लिए फैक्ट्री में गए थे। घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा था। रात को चोरों ने किसी समय ताला तोड़कर यहां से दस हजार की नकदी समेत प्रेमा सरोज व उनकी बेटी के गहने, लैपटाप समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिए। यहां के बाद चोरों ने कुछ ही



कदम दूर दूसरे मकान में चंद्रमणि के घर में भी चोरी कर ली। मूल रूप से जनपद सुल्तानपुर निवासी चंद्रमाणि एक फैक्ट्री से रिटायर होने के बाद यहीं पर घर बनाकर रहे रहे हैं। चंद्रमणि भी अपने परिवार सहित अपने गांव गए थे। सुबह जब नितेश डयूटी से वापस आए तो चोरी के बारे में पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस ने शीघ्र ही चोरी के खुलासे का भरोसा दिया है। वहीं बता दें कि इससे पहले नगर के मानसरोवर कॉलोनी में भी चोरी की घटना हो चुकी है मगर अभी तक उसका खुलासाा भी पुलिस नहीं कर सकी है।



अमरोहा। जीजीआईसी में सीटिंग प्लान करते शिक्षक।

# तिगरी गंगा तट पर पसरी गंदगी से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के तिगरी गंगा धाम में गंगा तट पर पसरी गंदगी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों द्वार लगाई जाने वाली चिता की लकड़ियां भी जलकर यहीं कोयला बन जाती हैं मगर ग्राम पंचायत और न ही क्षेत्र पंचायत किसी के द्वारा यहां पर कोई सफाई अभियान नहीं चलाया जाता, इस कारण यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

बता दें कि तिगरी गंगा धाम में

### ■ ग्रामीणों ने लगाया सफाई न करने का आरोप

लोग अपने स्वजनों के दिवंगत होने की स्थिति में अंतिम संस्कार के लिए तिगरी आते हैं। यहां पर गदंगी की समस्या बहुत ज्यादा है। हालांकि यह गंदगी भी अंतिम संस्कार के बाद बची हुई लकड़ियों, पूजन सामग्री, कपड़े, पॉलीथीन व श्रद्धालुओं द्वारा जल में बहाने वाली सामग्री के चलते ही बढ़ रही है लेकिन यहां पर प्रतिदिन सफाई की कोई व्यवस्था न हीं होने के कारण इस समस्या



का निजात होता नहीं दिख रहा। एडीओ पंचायत सतेन्द्र सिंह ने बताया कि शीघ्र ही तिगरी में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और गंदगी को एकत्र करके निस्तारित कराया जाएगा।

# न्यायालय के गेट पर वकील पर जानलेवा हमला

## मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** न्यायालय के गेट पर मां-बेटे ने वकील पर जानलेवा हमला कर दिया। जिस पर दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। भीड़ा जुटती देख मां-बेटे वकील को हत्या की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

रजबपुर थाना क्षेत्र में गांव चांदनगर निवासी मनोज कुमार पेशे से अधिवक्ता हैं तथा जिला सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। उनके द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक लगभग दो साल पहले गांव के रहने वाले विक्की और उसकी मां प्रवेश ने उनसे डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे। लौटाने के वादे के मुताबिक मनोज कुमार ने कई बार तकादा किया लेकिन दोनों ने पैसे नहीं लौटाए। दोनों ही आज-कल की आनाकानी करते रहे। घटना सोमवार दोपहर लगभग एक बजे की है। मनोज कुमार अपने चैंबर से कोर्ट में किसी फाइल में तारीख कराने जा रहे थे। आरोप है कि तभी विक्की और उसकी मां प्रवेश देवी हवालात के गेट सामने खड़े हुए थे, उन्हें देखकर दोनों गालियां देने लगे। मनोज कुमार ने विरोध किया तो दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। बाद में मां-बेटे ने गले में दुपट्टा डालकर खींचना शुरू कर दिया। भीड़ जमा होते देख मां-बेटे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पीड़ित अधिवक्ता मनोज कुमार अमरोहा थाना देहात में शिकायत दर्ज कराई थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी विक्की और उसकी मां प्रवेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# परीक्षार्थियों के लिए यशोदय तिलक कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु 'यशोदय तिलक'

### ■ नगर के शेमफोर्ड स्कूल में हुआ आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन शेमफोर्ड फ्यूचरस्टिक स्कूल में मंगलवार को किया गया। वक्ताओं ने बच्चों से कहा कि वे परीक्षा से न घबराएं।

कार्यक्रम में आगामी उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य 'यशोदय तिलक' एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख पंकज शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानसिक रूप से सुदृढ़ करना और उन्हें परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विदा करना रहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र पाठक और शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात, भारतीय परंपरा के अनुसार सभी परीक्षार्थियों के मस्तक पर कुमकुम का तिलक लगाया गया, जो विजय, सुरक्षा और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला प्रमुख अभाविप पंकज शर्मा, प्रान्त मंत्री विकास शर्मा, विद्यालय चेयरमैन विनय सिंह, वर्षा औलख, सुभाष शर्मा, अभिषेक सिरोही, मनप्रीत, शुभम अग्रवाल, निधि, पूनम पोरवाल, आर्यन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# छात्रा के आपत्तिजनक फोटो वायरल किये

## पुलिस ने आरोपी के खिलापफ मुकदमा दर्ज किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छात्रा के मिलने से इंकार करने पर प्रेमी ने उसके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां एक किसान का परिवार रहता है। उनकी बेटी दिल्ली में पढ़ाई के साथ एक कंपनी में जॉब भी करती है। एफआईआर के मुताबिक छात्रा की अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की पुष्कर नगर कॉलोनी में रहने वाले रोहित से मोबा. इल पर बातचीत होती थी। आरोप है कि दो फरवरी की रात में लगभग 10 बजे रोहित ने छात्रा को फोन कर मिलने का दबाव बनाया, लेकिन छात्रा ने मिलने से मना कर दिया। इसके बाद रोहित ने कॉल कर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मुलाकात नहीं करने पर आपत्तिजनक फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने की बात कही। धमकी के बाद घबराई छात्रा अगले ही दिन घर लौट आई और उसने परिजनों को आपबीती बता दी। आरोप है कि चार फरवरी को रोहित छात्रा के घर पहुंचा, दरवाजे पर खड़े होकर गालियां देने लगा। छात्रा के चाचा ने जब विरोध किया तो उसने उनके साथ मारपीट की। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। इसके बाद 12 फरवरी को रोहित ने छात्रा के फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कुमराला तिराहे के पास हुए विवाद के मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव वसी कलां निवासी इकरार का प्लॉट पक्कापुल में है। प्लॉट के सामने उसका जूस, ठंडे पानी और नमकीन आदि का खोखा है। आरोप है कि सोमवार को यहीं का निवासी मुस्तकीम आया और बेवजह की गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर मुस्तकीम ने इकरार के साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर इकरार के भांजे फरमान निवासी रहमापुर माफी ने उसे बचाया। आरोप है कि मुस्तकीम ने इकरार के सिर में ईंट भी मारी, जिससे वह घायल हो गया। थाना पुलिस ने मंगलवार को मुस्तकीम के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दें कि बीते दिन इकरार पक्ष के लोगों ने मुस्तकीम के साथ सीएचसी में भी मारपीट की थी। इस मामले की रिपोर्ट बीते दिन ही दर्ज हो गई थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मायके में रह रही पत्नी को पीटकर घायल किया

### पति समेत छह ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में कार न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोप है कि पति ने मायके में रह रही पत्नी को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती निवासी आस मोहम्मद ने अपनी बेटी शहरीन खातून की शादी 18 फरवरी 2025 को बिजनौर जिले के मंडावर थाना क्षेत्र के गांव राजारामपुर के रहने वाले तसलीम अहमद के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने कम दहेज लाने के ताने देते हुए शहरीन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मायके से कार दिलाने का दबाव बनाते थे, विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। विवाद बढ़ने पर दोनों परिवारों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। शाहीन का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे जान से मारने की भी कोशिश की, उसका पति तसलीम अहमद चंडीगढ़ में रहता है। आखिर में मायके वाले शहरीन को अपने साथ घर ले गए। आरोप है कि 26 जनवरी की शाम पांच बजे तसलीम अहमद अपने परिजनों के साथ घर में घुस आया और दहेज की मांग दोहराते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में तसलीम अहमद, नाजिम, फहीम, वसीदा, नजमा और अनीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पाकिस्तान में आतंकी घटना के खिलाफ प्रदर्शन

### कैंडिल मार्च निकालकर शहीदों को दी खिराजे अकीदत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर मे शिया समुदाय ने पाकिस्तान की मस्जिद मे घटित आतंकवादी घटना के सम्बंध मे विरोध दर्ज कराने हेतु भारत के महामहिम राष्ट्रपति के नाम थानाध्यक्ष सैद नगली विकास सहरावत को ज्ञापन सौंपा। ईशा की नमाज के बाद मस्जिद से इमामबा. रगाह पीर जी तक कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को खिराजे अकीदत पेश किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। बता दें कि बीती 6 फरवरी को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की शिया जामा मस्जिद मे नमाजे जुमा के दौरान बोम्ब ब्लास्ट हुआ था जिसमे बहुत बेग. ुनाहों कि मौत हो गयी थी। मौलाना कम्बर अली ने कहा कि बम धमाके




के जरिए बेगुनाह बच्चों, जवानों व बुजुर्गों की बेदर्दी से हत्या कर दी गयी थी जिसके विरोध मे हम दहशतगर्द पाकिस्तान की आला. ेचना करते हैं। डॉ. अहमद मुर्तजा ने कहा हम सब नगरवासी अपील करते हैं कि भारत सरकार इस घटना के सबन्ध मे हस्तक्षेप कर पाकिस्तान पर दबाव बनाकर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाए। इस मौके पर ज्ञापन सोंपने वालो मे कुमैल असगर, शुऐब रजा, हसन मेहदी, सभासद फजले अब्बास, रजा अब्बास, दानिश बाकरी आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों का संगठन की मजबूती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी की समीक्षा बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।

मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सोमवार ब्लॉक संसाधन केंद्र चन्दनपुर खादर में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करना, रिक्त पदों को भरना और शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर आगामी प्रांतीय आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करना था।बैठक में ब्लॉक कार्यसमिति के साथ-साथ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति ने सदस्यों में नया उत्साह भरा। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया की शक्ति पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यसमिति और संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी अपना ट्विटर एक्स अकाउंट तत्काल सक्रिय कर लें। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय में स्थानांतरण के कारण गंगेश्वरी ब्लॉक कार्यसमिति के करीब 7 से 8 पदाधिकारी अन्य ब्लॉकों में चले गये हैं। इस वजह से कई महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं। जिससे सांगठनिक कार्यों में बाधा आ रही है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, विरेंद्र सिंह, अरूण कुमार, अमरपाल मान, सुनील कुमार, विवेक चौधरी, अरविंद सिरोही, महताब उद्दीन, देवेन्द्र शर्मा, सचिन मलिक, संदीप कुमार, संजीत यादव, करनवीर सिंह,योगराज सिंह, संजय सिंह,अजय कुमार, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# मृतक हरिओम के घर पहुंचा प्रजापति महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के पदाधिकारीयों ने जनपद के गांव सलामतपुर पहुंचकर गोली

**■ तीन दिन पूर्व गोली मारकर हुई थी हत्या**

लगने से मृत हुए हरिओम प्रजापति के परिजनों से भेंट करके ढ़ाढस बंधाया, साथ ही यहां के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से भेंट करके दूसरे हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग की।



बता दें कि अभी हरिओम प्रजा. पति कांवड़ यात्रा पर जाने के लिए निकले थे, कि एक स्थान पर वे गंभीर रूप से घायलावस्था में मिले थे। जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। घायल हरिओम ने पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराके दो लोगों को घटना में शामिल होने की बात कही थी। इनमें से एक को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया मगर दूसरा आरोपी अभी तक नहीं पकड़ा गया है। मंगलवार को राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री एड.इन्द्र पाल गोला व राष्ट्रीय संयोजक श्योनाथ सिंह, हरिओम प्रजापति व सोनू प्रजापति ने जोया के सलामत पुर गांव में मृतक हरिओम प्रजापति के घर पहुंच कर गोली मारकर हत्या कर देने के कारणों को जाना। मृतक की पत्नी व अन्य परिवार जनों से घटना की जानकारी ली और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर ग्रामीण रमेश सिंह प्रजापति, प्रेम सिंह प्रजापति, ब्रजपाल सिंह प्रजा. पति, ब्रह्मसिंह, रोहतास प्रजापति, जगवीर सिंह, जगदीश सिंह,परम सिंह,राधे सिंह, नौ सिंह, रमेश, हरिओम,सोनू सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे। यहां के बाद प्रति. निधिमंडल के सदस्य एसपी से मिले और घटना में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कराने की मांग की। एसपी ने सहानूतिपूर्वक पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।

# नोरैक्स फ्लेवर्स ने किसानों को बांटी मेंथा की जड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नोरैक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्यालय पर नि:शुल्क मेंथा जड़ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मकसद इलाके के किसानों की मदद करना और मेंथा की अच्छी व टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक व सीईओ वैभव अग्रवाल ने मंडी धनौरा और हसनपुर क्षेत्र के किसानों को मेंथा की जड़ें बांटीं। इस दौरान करीब 100 किसान मौजूद रहे। बिहापुरी, मरगूबपुर, मिथनपुर, शकरथली, तरारा, चकोनी, बघरपुर, ब्रह्मावाद समेत आसपास के गांवों से आए किसानों को प्रति किसान करीब 40 किलो मेंथा जड़ दी गई, ताकि आने वाले सीजन की खेती सही समय पर और अच्छी तरह हो सके। कंपनी अधिकारियों ने बताया कि नोरैक्स फ्लेवर्स किसानों के हित में लगातार काम कर रही है और खेती में बेहतर बीज, तकनीकी जानकारी और मार्गदर्शन देकर किसानों




को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शशांक अग्रवाल, क्यूएचएसई व सस्टेनेबिलिटी हेड ललित, सस्टेनेबिलिटी मैनेजर अनुराग नाथ तथा फील्ड अधिकारी अरुण कुमार, दीपक शर्मा, अनिकेत और तेजपाल मौजूद रहे। सभी ने वितरण व्यवस्था संभाली और किसानों से बातचीत कर खेती से जुड़ी जानकारी भी दी। किसानों ने समय पर मेंथा जड़ मिलने पर खुशी जताई और नोरैक्स फ्लेवर्स का धन्यवाद किया। कंपनी की ओर से आगे भी ऐसे किसान हितैषी कार्यक्रम जारी रखने की बात कही गई

# भाजपा सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या

### कांग्रेस नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जनपद के प्रमुख कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किये जाने को लोकतंत्र की हत्या करार दिये जाने का आरोप लगाते हुए योगी सरकार पर राज धर्म का पालन न करने का आरोप लगाया हैं।

सोमवार को कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता तारिक मोहम्मद खान को भी उनके आवास पर पुलिस प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कांग्रेस पार्टी मनरेगा की बहाली को लेकर किसान मजदूर नौजवान के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए उत्तर प्रदेश और देश की सरकार से सवाल पूछने के लिए सरकार किसानों मजदूरों नौजवानों को उनका हक क्यों नहीं दे रही हैं। मजदूरों के रोजगार पर बुलडोजर क्यों चला रही हैं भाजपा सरकार ने मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना क्यों समाप्त की है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। लेकिन कांग्रेस जन सरकार से सवाल न पूछे उत्तर प्रदेश की विधानसभा को ना घेर सके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवास को ना घेर सके। इस डर और भय के कारण हम सब कांग्रेस जनों को उत्तर प्रदेश की सरकार पुलिस के बल पर घरों में नजर बंद किया है। सरकार डरी हुई है भयभीत है इसलिए बौखलाहट में इस तरह का कदम उठा रही है। सरकार अपने राज धर्म का पालन नहीं कर रही है। जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान शहर अध्यक्ष इंद्रेश कुमार शर्मा फैज आलम राईनी शाहिद सिद्दीकी मयंक कुमार गुर्जर मेराजुल जफर सचिन चौहान अनवर हुसैन राजपाल सिंह सैनी हरिओम पुष्कर मनोज कटारिया दीपक गौतम मंगल सिंह गुर्जर अमरजीत कोहली शाकिर मसूदी आसिम हुसैन साबरी हर स्वरूप प्रधान कोघरों में अरेस्ट किया गया हैं।

# रमजान में बिजली पानी भरपूर मिले

### एमआईएम ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एमआईएम ने डीएम को ज्ञापन देकर रमजान माह के दौरान मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरस्त करने तथा बिजली व पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग की।

मंगलवार को एमआईएम के जिलाध्यक्ष साजिद चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि 19 फरवरी से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। इस दौरान मुस्लिम रोजे रखने के साथ नमाज की पाबंदी करते हैं। उन्होंने मांग की कि मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था को रमजान के दौरान सुदृढ़ किया जाये तथा बिजली व पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाये। इसके अलावा जनपदभर में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में अरमान अंसारी, अमित कुमार, कलुवा जाटव, जाने आलम, नबी हसन, इकराम उद्दीन, नईम वारसी, इरफान सिद्दीकी, रजा अली व रहबर अली आदि मौजूद रहे।

# किशोर से कुकर्म के दोषी को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मासूम से कुकर्म के दोषी को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई जबकि 21 हजार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया।

30 अक्तूबर 2024 की घटना हसनपुर के एक मोहल्ले से जुड़ी थी। मोहल्ले में एक मजदूर का परिवार रहता है। घटना के दिन उनका 13 वर्षीय बेटा अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला था। सूचना के बाद हरकत में आई हसनपुर पुलिस परिजनों के साथ मिलकर किशोर की तलाश कर रही थी। तलाश के बीच 31 अक्तूबर की सुबह में किशोर शहर के रहरा अड्डे पर बाईपास के पास एक चाय की दुकान में आपत्तिजनक हालत में मिला था।

**■ कोर्ट ने 21 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया**

इस दौरान आरोपी अब्दुल्ला दुकान में मौजूद था। जांच में सामने आया था कि उसने बालक को बंधक बनाकर उसके साथ कुकर्म किया था। इस दौरान अब्दुल्ला मौके से फरार हो गया था। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने अब्दुल्ला के खिलाफ कुकर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तारी के बाद से ही वह जेल में था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। मंगलवार को कोर्ट ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की, पत्रावली के साथ ही साक्ष्यों का गहन अवलोकन किया। जिसके आधार पर कोर्ट ने अब्दुल्ला को दोषी करार दिया। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट बसंत सिंह सैनी व अधिवक्ता आदिल अली ने की।

# बच्चों पर दबाव नहीं, भरोसा और हौंसला दें अभिभावक

### बोर्ड परीक्षा से पहले शिक्षकों की अपील





**मंडी धनौरा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो रही है छात्रों की धड़कनें तेज हैं और तैयारी अपने चरम पर है। इसी बीच राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक आशु सिंघल और प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने शाह टाइम्स संवाददाता सुमित अग्रवाल से परीक्षा पर चर्चा मे छात्रों और अभिभावकों के नाम प्रेरक संदेश दिया है। प्रबंधक आशु सिंघल ने कहा कि अभिभावक बच्चों की तुलना दूसरों से न करें और न ही बार-बार नंबर, रैंक और रिजल्ट की चर्चा कर उन्हें तनाव में डालें। बच्चों को समय पर भोजन, पूरी नींद और पढ़ाई के लिए शांत वातावरण देना सबसे बड़ा सहयोग है। मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई के प्रति एकाग्रता बढ़ाने का माहौल बनाएं। प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि डर नहीं, धैर्य के साथ तैयारी करें। नियमित पढ़ाई को दिनचर्या बनाएं, समय-सारिणी तैयार करें, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दें और पुराने प्रश्न पत्रों का अभ्यास जरूर करें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही सफलता का रास्ता निकलता है। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, परिवार का सहयोग और सही मार्गदर्शन से हर छात्र अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेगा।

# कांवरियों पर पथराव के एक आरोपी को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर में कांवड़ियों के डीजे बजाने को लेकर हुए बवाल के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए मुख्य आरोपी इमरान को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। वहीं, गिरफ्तारी के बढ़ते दबाव के बीच एक अन्य आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्मसमर्पण की अर्जी दाखिल की है। एसपी के निर्देश पर एसओजी व सर्विलांस टीम भी मामले की गहराई से जांच में जुट गई है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

बवाल के मुख्य आरोपी इमरान को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया है। दोपहर में पुलिस टीम के साथ पहुंचे विवेचक ने जिला अस्पताल से कस्टडी लेकर उसे कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने आरोपी इमरान का रिमांड स्वीकार कर लिया। वहीं, अश्लील वीडियो वायरल होने से चर्चाओं में रहे बवाल के एक आरोपी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी दाखिल की है। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शहर कोतवाली पुलिस से संबंधित मुकदमे में उसकी वांछित रिपोर्ट तलब की है। दूसरी तरफ विवेचना में आगे बढ़ रही पुलिस अब फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही एसपी के निर्देश पर पूरे मामले की तह तक जाने के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजे गए आरोपी इमरान को शुरुआत से ही बवाल का मुख्य आरोपी माना जा रहा था। मौके पर मारपीट से जुड़ी उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं। पुलिस ने उसे अगले दिन ही हिरासत में ले लिया था लेकिन जिला अस्पताल में भर्ती होने के कारण पुलिस रविवार को उसे कोर्ट में पेश नहीं कर सकी थी। परिजनों का कहना था कि मारपीट में इमरान भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। लिहाजा, पुलिस ने उस दिन सिर्फ आरोपी शानू और अदनान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी इमरान तभी से जिला अस्पताल में भर्ती था। सोमवार को पुलिस जिला अस्पताल से व्हीलचेयर पर बैठाकर उसे कोर्ट ले गई थी लेकिन किन्हीं कारणों से उसका रिमांड पेश नहीं हो सका था। लिहाजा, पुलिस दोबारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर लौट गई थी। मंगलवार को पुलिस टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे विवेचक ने आरोपी इमरान की कस्टडी ली, इसके बाद व्हीलचेयर पर बैठाकर उसे कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने उसका रिमांड मंजूर कर लिया। इसके बाद आरोपी इमरान को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, गिरफ्तारी के बढ़ते दबाव के बीच एक और आरोपी ने आत्मसमर्पण के लिए कोर्ट की शरण ली है। बीते दिनों आरोपी का युवती के साथ एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था

# एक सप्ताह में पूरा करें विद्युत कनेक्शन का कार्य

### डीएम ने किया नवनिर्मित तहसील भवन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** निधि गुप्ता वत्स ने नव निर्मित तहसील के आवासीय व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। डीएम ने विद्युत कनेक्शन का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

आवासीय भवनों के निरीक्षण के दौरान टाइप-3 आवासों में बेडरूम और डाइनिंग रूम का मापन कराया तथा निर्माण की गुणवत्ता को परखा। आवासीय परिसर के समीप जलभराव/पानी की समस्या के समाधान के लिए एसडीएम और ईओ नौगांवा सादात को संयुक्त टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय में संचालित तहसील कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहस. ीलदार न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की पत्रावलियां देखीं और तीन व पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को मार्च अंत तक निस्तारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी श्रीमती सुनीता सिंह, तहसीलदार लकी सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे

# गुरू के बिना नहीं होगी मोक्ष की प्राप्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** श्री रामकृष्ण सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में संत श्री डोंगरेजी वृद्ध आश्रम में वृद्ध आश्रम की स्थापना दिवस एवं संत श्री रामचंद्र केश डोंगरे जी महाराज के जन्म दिवस पर दादा भगवान सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पूज्य संत श्री रामचंद्र केशव डोंगरे जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके तथा वैष्णव मंदिर में दीप प्रज्वलित करके किया गया सत्संग में मुरादाबाद से आई शशि मां एवं कविता दीदी ने किस प्रकार से अध्यात्म के सहारे गृहस्थ जीवन का निर्वाह करना चाहिए पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रत्येक

### डोंगरे जी महाराज के जन्मदिन पर सत्संग



व्यक्ति को गुरु अवश्य बनाना चाहिए बिना गुरु के मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष विमल कुमार टंडन ने वृद्ध आश्रम के निर्माण एवं प्रगति तथा ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे धर्मार्थ कार्य पर प्रकाश डाला तथा बताया कि वृद्ध आश्रम में वर्तमान में लगभग 18 वृद्ध रह रहे हैं तथा 25 लोगों को प्रत्येक माह राशन दिया जा रहा है। कार्यक्रम में रामकृष्ण सेवा ट्रस्ट अमरोहा के सम्मानित ट्रस्टी तथा शहर के सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राहुल माहेश्वरी एडवोकेटन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विमल कुमार टंडन, शंकर प्रकाश अग्रवाल, दिलीप टंडन, विनोद टंडन, नरेंद्र राणा, अशोक अग्रवाल, अनिल स्वरूप टंडन, संदीप महेश्वरी, विनय महेश्वरी, अमित मोहन गोयल, अनिल रायपुरिया आदि लोगों उपस्थित थे।

# छात्रों को अनाधिकृत वाहन से केंद्रों पर न भेजने की अपील

## परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, रात दस बजे के बाद डीजे बजाए जाने पर एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। एसपी सूरजकुमार राय ने अभिभावकों से परीक्षा के दौरान सड़क दुर्घटना और कार्रवाई से बचने के लिए छात्रों को अनाधिकृत वाहन से केंद्रों पर न भेजने की अपील की है। साथ ही परीक्षा के दौरान रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को दस बजे के डीजे बजाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर जहां प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है, वही पुलिस प्रशासन भी परीक्षा को लेकर तैयार है। एसपी सूरज कुमार राय ने अभिभावकों से परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को अना. धिकृत वाहनों के माध्यम से केंद्रों पर खोजने के बजाए सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने की सलाह दी है। उनका कहना कि अनेक छात्र-छात्राएं दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन चलाकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंच रहे हैं, जबकि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पात्र नहीं होते। साथ ही कई विद्यार्थी बिना हेलमेट के वाहन चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि परीक्षा अवधि के दौरान बच्चों को सार्वजनिक परिवहन या फिर अधिकृत परिवहन व्यवस्था से ही परीक्षा केंद्रों पर खोजें। ताकि सड़क दुर्घटना या कानूनी कार्यवाही से बचा जा सकें। इसके अलावा विवाह समारोह के कारण डीजे/तेज ध्वनि होने से छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी प्रभावित होने की शिकायतें मिल रही है। उन्होंने रात दस बजे के बाद डीजे नही बजाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल खाविष्य को ध्यान में रखते हुए ध्वनि नियमों का पालन करने के निर्देश दिए है।



### 37 परीक्षा केंद्रों पर शुरू होगी बोर्ड परीक्षा, तीन जोनल, दस सेक्टर और 37 स्टेटिक मजिस्टेट किए नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** आज से बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ शुरू होगा। जिले में 37 परीक्षा केंद्रों पर 13766 हाईस्कूल और 13417 परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण कराने के लिए जिले में तीन जोनल, दस सेक्टर और 37 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। रात में स्ट्रांग रूम और केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए भी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।
परीक्षा के लिए प्रधानाचार्य गीता शर्मा व जिला अल्पसंख्यक अधिकारी कैलाश तिवारी को कंट्रोल रूम प्रखारी नियुक्त किया गया है। प्रधानाचार्य अंतरिक्ष कुमार को परीक्षा का विभागीय परीक्षा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बोर्ड परीक्षा के लिए नियुक्त किए गए माध्यमिक विद्यालयों के 1021 और बेसिक शिक्षा परिषद के 483 शिक्षकों के फोटोयुक्त, पदनाम, विषय और मोबाइल नंबर सहित आईकार्ड जारी किए गए है। परीक्षा के दौरान केंद्र पर मोबाइल फोन और वाहय लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रहेगी और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर वाइस रिकार्डर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं।

## जेईई मेन परीक्षा में 97.6 अंक प्राप्त कर की उपलब्धि हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** एक छात्र ने जेईई मेन परीक्षा में 97.6 अंक हासिल कर परीक्षा पास कर कस्बें का नाम रोशन किया। कस्बें के लोग परि. जनों को शुभकामनाएं देने में लगे है।



रटौल निवासी मास्टर जाहिद अली का 17 वर्षीय पुत्र साद खेकड़ा के जेपी एकेडमी में कक्षा 12 का छात्र है। उसनें जेईई मेन टेस्ट के लिए फार्म भरा था और परीक्षा में सम्मिलित हुआ था। सोमवार देर रात जेईई मेन का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें साद ने 97.6 प्रतिशत के साथ परीक्षा पास की जिसके बाद उसका एडमिशन सरकारी आईआईटी कालिज में होगा। रिजल्ट घोषित होने के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है। कस्बें के लोग परिजनों को शुभकामनाएं देने में लगे है, छात्र साद ने बताया कि इसका श्रेय अपने माता जीनत प्रवीन और पिता जाहिद अली को देता है क्योंकि उनकी प्रेरणा से ही यह मुकाम हासिल हुआ है। वही उसने बताया उसके मामा समीर काजी,और तमसीर काजी ने उनकी पढाई में हमेशा सहयोग किया जिससे ये मुकाम हासिल किया। वही पढाई को लेकर उसके चाचा डाक्टर नाजिम अली, अवैश, नवेद, शाहिद, प्रवेजने हमेशा पढाई को लेकर प्रेरणा दी। रिजल्ट आनें के बाद परिजनों ने कस्बें में मिठाई बाटकर जश्न मनाया। वही कस्बें के बुजुर्ग छात्र साद को आशिर्वाद देने में लगे है।

## पुलिस ने चैकिंग के दौरान शराब तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी, तभी एक युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 पव्वे अवैध देशी शराब (यूपी मार्का) बरामद हुई।
गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश पुत्र डालचंद के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। वह काशीराम कॉलोनी, नानू रोड, कस्बा व थाना खेकड़ा, जनपद बागपत का निवासी है। पुलिस ने आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब को जब्त कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। इस मामले में खेकड़ा थाने में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगातार सख्ती बरती जाएगी।



## स्कूल में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल, शबगा में दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक बड़ौत बागपत द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित सीडीटीपी योजना अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
आयोजन के मुख्य अतिथि सहेंद्र सिंह, ब्लॉक विकास अधिकारी बड़ौत थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा.अजय कुमार त्यागी प्रधानाचार्य दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक, हरि दत्त शर्मा, प्रधानाचार्य संस्कृति पब्लिक स्कूल, धर्मेंद्र मनेजर, अंकुर पवार, भोला सिंह प्रमोद चेयरमैन,इकबाल सिंह, मीनाक्षी सिसोदिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणजंय लांबा, विभाग अध्यक्ष यांत्रिक अभियंत्रण दिगंबर जैन पॉलिटेक्निक द्वारा किया गया। डा. अजय कुमार त्यागी ने सीडीटीपी योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न कर्यक्रमों के विषय में विस्तार से बताया। हरेन्द्र कुमार कर्मशाला अधीक्षक ने तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठयक्रमों के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम शिवम वर्मा नीरज कुमार गीता सैनी आदि उपस्थित रहे।



## एल्पाइन पब्लिक स्कूल के छात्र उत्कर्ष ने किया पूरे प्रदेश का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित एल्पाइन पब्लिक स्कूल, लूम्ब के मेधावी छात्र उत्कर्ष पुत्र दीपेंद्र खोखर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर विद्यालय, जनपद तथा पूरे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उत्कर्ष ने अखिल भारतीय स्तर पर 13वां स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने 99.999 अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा, अनुशासन, एकाग्रता तथा कठोर परिश्रम का श्रेष्ठ परिचय दिया है।
उत्कर्ष की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए स्वर्णिम क्षण बताया। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं, बल्कि समर्पित शिक्षण, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल भी है। उत्कर्ष ने अपनी लगन, धैर्य और नियमित अध्ययन के बल पर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ निश्चय और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है।
प्रधानाचार्य ने अपने संदेश में कहा कि उत्कर्ष की यह उपलब्धि समस्त विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष प्रारंभ से ही परिश्रमी, अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं, जिन्होंने कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपना मूल मंत्र बनाया। उनकी यह ऐतिहासिक







सफलता विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भी सशक्त पहचान है। विद्यालय परिवार ने उत्कर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। साथ ही विद्यालय की ओर से उत्कर्ष एवं उनके गौरवान्वित माता-पिता को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कर्ष आगामी उच्च स्तरीय परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और समाज का नाम रोशन करते रहेंगे तथा अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## आशा व आंगनबाड़ी कर्मचारियों को पेंशन दे सरकारः सुभाष कश्यप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को समाजसेवी सुभाष चंद कश्यप ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कर्मचारी अपना जीवन समाज में लगा देते हैं जब वह रिटायरमेंट होते हैं उन्हें किसी भी प्रकार की पेंशन नहीं मिलती है, जबकि सबसे बड़ी समस्या रिटायरमेंट के बाद ही शुरू होती है आशा और आंगनबाड़ी कर्मचारी को भी सरकार पेंशन दे।
जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए सुभाषचंद कश्यप ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ मंडल में कश्यप समाज की दो अनुसूचित जातियों तुरैहा और महार,1891 की जातिगत जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति में हुआ करती थी, लेकिन धोखेबाज सरक. री कर्मचारी और अधिकारियों ने समय-समय पर इन जातियों को अनेकों पिछड़ी जातियों धीवर झीमर कहार कवट मल्लाह निषाद बिन्द गोंड तुरैहा बाथम कश्यप धीमर आदि में बदलकर उनका अनुसूचित जाति का आरक्षण बिना सरकार की अनुमति से ही खत्म कर दिया। सुभाष चंद कश्यप ने मांग की है कि इन जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र दिया जाए अन्यथा 1891 की जातिगत जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति की तुरैहा और महार जाति के प्रमाण पत्र दिए जाएं।



## एक नजर

### अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब ने ग्रामीण छात्राओं के सपनों को दे दिए हैं पंख

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और वैज्ञानिक सोच को नई उड़ान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर अब सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियां भी अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां सीख रही हैं। जनपद के छपरौली ब्लॉक में स्थापित अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमी लैब ने ग्रामीण छात्राओं के सपनों को पंख दे दिए हैं।
ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में बनाई गई। इस हाईटेक खगोलशास्त्र प्रयोगशाला के माध्यम से छपरौली ब्लॉक की लगभग 100 बालिकाओं को आधुनिक विज्ञान को प्रत्यक्ष रुप से समझने का अवसर मिल रहा है। प्रयोगशाला में 45 प्रकार के प्रयोगों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे छात्राएं अंतरिक्ष से जुड़े जटिल सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझ पा रही हैं। योगी सरकार के इस प्रयास से अब ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राएं भी टेलिस्कोप संचालित करने से लेकर नाइट-स्काई ऑब्जर्वेशन तक की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं।
**बागपत जिलाधिकारी की पहल से विज्ञान शिक्षा को नई दिशा**
जनपद बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल की दूरदर्शी पहल से जिले में विज्ञान शिक्षा को नई गति मिली है। उनके मार्गदर्शन में ब्लॉक संसाधन केंद्र छपरौली में स्थापित एस्ट्रोनॉमी लैब को विकसित किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि प्रयोगशाला में आधु. निक उपकरणों के साथ-साथ आकाशीय पिंडों को एस्ट्रोनॉमी सॉफ्टवेयर के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इससे वे आकाशीय पिंडों की स्थिति, गति और संरचना को डिजिटल माध्यम से समझ पा रही हैं। इस तरह का व्यावहारिक प्रशिक्षण छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में बेहद सहायक होगा।
**टेलिस्कोप से चंद्रमा देख बढ़ रहा आत्मविश्वास**
इस पहल की सबसे खास बात यह है कि अब छात्राएं स्वयं टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रमा और अन्य आकाशीय पिंडों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रही हैं। जब एक बालिका अपने हाथों से टेलिस्कोप संचालित कर चंद्रमा देखती है, तो उसके भीतर आत्मविश्वास और जिज्ञासा दोनों का विकास होता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छपरौली की सभी छात्राएं इस लैब में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रही हैं। नाइट-स्काई प्रेक्षण जैसी गतिविधियां उनके लिए रोमांचक अनुभव साबित हो रही हैं। शिक्षकों के अनुसार, इससे बालिकाओं की विज्ञान के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है और वे अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े करियर के बारे में गंभीरता से सोचने लगी हैं।
**एआई-संचालित स्मार्ट क्लास से मिल रही आधुनिक शिक्षा**
बागपत जनपद में शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के 25 सरकारी विद्यालयों में टैगहाइव द्वारा एआई-संचालित स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं। इन स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को इंटरैक्टिव और तकनीक आधारित शिक्षा मिल रही है, जिससे सीखने की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

## बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से गांव में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** काठा गांव में बच्चा चोरी की अफवाह फैलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध महिला को घूमते देख उसे घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि महिला रास्ता भटककर गांव में पहुंच गई थी।
ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महिला अलग-अलग स्थानों पर घूम रही थी और बच्चों पर नजर रख रही थी। उन्होंने महिला पर बच्चा चोरी का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने महिला से गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला रास्ता भटकने के कारण गांव में आ गई थी और ग्रामीणों द्वारा घेरे जाने पर काफी घबरा गई थी। दरोगा अनिल यादव ने बताया कि महिला सहारनपुर की रहने वाली है और खेड़की गांव में अपने रिश्तेदारों के यहां आई थी। वह रास्ता भटककर काठा गांव पहुंच गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चा चोरी जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। महिला से पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है।



## पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** थाना बिनौली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि 40 साल पुराने जमीन विवाद में उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और आगामी शादी समारोह को रोकने की धमकी दी जा रही है।
पीड़ित पक्ष ने बताया कि उनका गांव के ही युवक के साथ पिछले लगभग 40 वर्षों से जमीन को लेकर एक मुकदमा चल रहा है। इस मामले में वे बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, मेरठ के यहां 18 दिसंबर 2025 को जीत चुके हैं और वीरेंद्र कुमार की अपील भी खारिज हो चुकी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 7 फरवरी 2026 को वीरेंद्र कुमार के बेटे अंकित को गोली लगने की घटना हुई थी, जिसमें गांव के दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उनका कहना है कि इस घटना से उनका कोई संबंध नहीं है, लेकिन वीरेंद्र कुमार रंजिश के चलते उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है।



## जिला कारागार में जेल प्रीमियम लीग 2 का हुआ शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मथुरा।** जिला कारागार में बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु समय समय पर विभिन्न प्रकार के खेलकूद आदि कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। उसी कड़ी में जेल बैडमिंटन प्रीमियर लीग 2 का शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह एवं ए. सी. जे. एम. रेलवे सूर्य भान वर्मा के द्वारा फीता काटकर एवं प्रतीकात्मक बैडमिंटन खेलकर किया गया।उक्त लीग में कुल 64 बन्दी प्रतिभाग कर रहे हैं जिन्हें 2 ग्रुप में बांटा गया है। इस प्रकार प्रत्येक ग्रुप में कुल 16 बंदी खेलेंगे। अंतिम विजयी खिलाड़ियों को कारागार द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उनके द्वारा बंदी कल्याण हेतु कारागार के इस प्रयास की सराहना की गई तथा अधिक से अधिक बंदियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के द्वारा बंदियों को संबोधित किया गया तथा उनको कारागार से रिहा होने पर अपने को कारागार से बदल कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ कर समाज को सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एल. ए. डी. सी. चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उप जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह,रवीन्द्र कुमार, हेमराज, फार्मासिस्ट सोहन सारस्वत, कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार चौहान व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## वेद संपूर्ण मानव जाति के पूर्वजों के धर्म ग्रंथः आचार्य नरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर के कोताना रोड पर मेडिसिटी में पहुंची आर्य समाज की यात्रा धनुषकोटि रामेश्वरम से लाल चौक श्रीनगर के लिए चल रही सनातन जागरण राष्ट्र कल्याण वेद यज्ञ यात्रा का यज्ञशाला परिसर बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा स्वागत किया गया।
विभिन्न प्रदेशों से आए आर्य जनों के साथ हजारों लोगों ने मिलकर यज्ञ किया। यजमान डा. मनीष तोमर, डा. गीतांजलि तोमर बने। अंतर्राष्ट्रीय वेद प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक रहे। डा.मोक्ष राज ने कहा सभी मनुष्यों को वेद पढ़ने का अधिकार है। जागरण यात्रा के संयोजक आचार्य नरेंद्र ने कहा वेद संपूर्ण मानव जाति के पूर्वजों के धर्म ग्रंथ रहे हैं। तिब्बत और आर्यावर्त की भूमि पर अरबों वर्षों से वेदपाठ और वेदाध्ययन की परंपरा चली आ रही है। वेद किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं है, बल्कि सभी मनुष्यों को वेद पढ़ने और समझने का अधिकार है। हमारा उद्देश्य मानव समाज को एकता के लिए वेद धर्म का प्रचार और विभिन्न प्रकार के पर्यावरणीय मानसिक प्रदूषण के निवारण हेतु यज्ञ का प्रदर्शन है। हैदराबाद से आए वेद भगवान पुस्तक के संपादक कृष्णा रेड्डी ने बताया इस यात्रा में चारों वेदों के कुल 20379 मन्त्रों से आहुतियां दी जाएगी। आम जन वेदों को देख और पढ़ सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान यज्ञशाला के लिए वेद भगवान पुस्तक की एक प्रति डा. मनीष तोमर को भेंट की गई। इस पुस्तक में चारों वेदों के मंत्र संक. लित है। अब आमजन यहां आकर वेदों को देख और पढ़ सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रवि शास्त्री ने कहा आर्य समाज महर्षि दयानंद सरस्वती के द्वारा वेदों की ओर लौटो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमारा संगठन निरंतर कार्य कर रहा है। आर्य समाज का उद्देश्य जाति पाति का भेद मिटाना, युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त रखना है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
### बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1255/453सी0(ई0टेण्डर)-3/26 दिनांक: 12.02.2026

**ऑन-लाइन निविदा आगंत्रण सूचना**

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 20.02.2026 से दिनांक 26.02.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में) | योग 4+5 | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारों की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ग्राम सिघा में संगम ओम मन्दिर चौराह से बरेली बदायूँ सीमा तक (ग्राम मोहम्मदी की ओर) नव निर्माण कार्य | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 115.43 | 6.34 | 121.77 | 8.09 | 6 माह | 2725.00 | ए. बी मार्ग कार्य) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली मे ग्राम कैमुआ में रामचन्द्र प्रजापति के मकान से टंकी होते बल्लिया चाकपुर विशारतगज मार्ग (किमी0-8) तक नव निर्माण कार्य | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 42.59 | 2.67 | 45.26 | 4.03 | 4 माह | 2725.00 | ए. बी मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

UPID-246402, DATE-17/02/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

# चलते ट्रक में लगी भीषण आग चालक ने कूदकर बचाई जान

■ दमकल ने आग पर पाया काबू, लेकिन तब तक ट्रक जलकर हुआ राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहम्मदपुर गन्ना सेंटर से बहेड़ी चीनी मिल की ओर जा रहे विन्द्रा ट्रांसपोर्ट के एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही ट्रक चालक सतीश कुमार निवासी जशनपुर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।



चालक और आसपास मौजूद लोगों ने मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई, और कुछ ही देर में पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते ट्रक धू-धू कर जलने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

# ट्रैक्टर से टकराकर कार पलटी

■ एयरबैग ुलने से चालक की बची जान, पुलिस ने वाहन को लिया कब्जे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नैनीताल रोड हाईवे पर परोही गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रैक्टर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि टक्कर के बाद कार सड़क पर पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

गनीमत रही कि कार के एयरबैग समय रहते खुल गए, जिससे चालक की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग



मौके पर दौड़ पड़े, और कार में फंसे चालक को बाहर निकाला। चालक को मामूली चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवा दिया है।

हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया।

## एक नजर

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के खिलाफ छात्राओं का जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज में एनएसएस के अंतर्गत आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" विषय पर विशेष जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में छात्राओं ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया।



छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकांश सड़क हादसे लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं।उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने पर जोर दिया। रैली नगरिया सादात गांव में पहुंची, जहां ग्रामीणों और महिलाओं ने छात्राओं की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और यातायात नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई।कार्यक्रम में डॉ. शोभा सक्सेना, नीलम शर्मा, आशुतोष अग्रवाल व गया राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज से शुरू होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होंगे हजारों छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र में बनाए गए 9 परीक्षा केंद्रों पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। आज से होने वाली इस बोर्ड की परीक्षा को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के जेपीएन इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल के 366 और इंटर मीडिएट के 385 छात्र, एसएसटी इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल के 221और इंटर मीडिएट के 374 छात्र, कस्बे के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 273 और इंटर मीडिएट के 348 छात्र, हरदुआ के लाल बहादुर शास्त्री कन्या इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल के 371 और इंटर मीडिएट के 362 छात्र, एसएम इंटर मीडिएट में हाईस्कूल के 221और इंटर मीडिएट के 244 छात्र, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल के 334 और इंटर मीडिएट के 359 छात्र, बरखन के अटेन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 367 और इंटर मीडिएट के 397 छात्र, धौरेरा के एवीएम इण्टर कॉलेज में हाईस्कूल के 271 और इंटर मीडिएट के 327 छात्र, जिंगनियां भगवंतपुर के गोविंद वल्लभ पंत इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 296 और इंटर मीडिएट के 246 छात्र परीक्षा देंगे।

आज होने वाली बोर्ड की इन परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराए जाने के लिए स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। इन विद्यालयों में पुलिस की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# सिंधौली चौराहा बना एक्सीडेंट जोन, आए दिन हो रहे हादसे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सिंधौली चौराहे पर मंगलवार को एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। दिल्ली से बरेली की ओर आ रही कार को चीनी मिल से गन्ना डालकर लौट रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में कार सवार आदेश पुत्र मंगली, निवासी लाल फाटक, बरेली गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम थी। आशंका जताई जा रही है कि कोहरे और तेज रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## कार से गार्ड ने निकाला बैग

हादसे के बाद लोग क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायल को निकालने में जुट गए। इसी दौरान एक गार्ड कार से बैग निकाल कर ले गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने बैग ले जाने की सूचना दी। पुलिस ने कुछ ही देर में गार्ड तक पहुंच गई। पुलिस गार्ड को बैग सहित थाने ले गई। पुलिस ने गार्ड से बैग कब्जे में ले लिया। गार्ड ने पुलिस को बताया उसने सुरक्षा की दृष्टि से बैग अपने पास रखा था। पुलिस ने घायल के परिजनों को बुलाकर बैग उनको सौंप दिया। एसओ संजय तोमर ने बताया बैग में 1.5 लाख रुपये थे।

## एक्सीडेंट प्वाइंट है चौराहा

लोगों ने बताया सिंधौली चौराहा अब पूरी तरह एक्सीडेंट जोन बन चुका है। सिंधौली की ओर से आने वाले वाहन के चालक को रामपुर की ओर से हाईवे पर आए वाहन नहीं दिखते हैं। इस चौराहा पर हुए हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

चौराहे पर तैनात एसआई श्रीपाल सिंह लगातार गलत दिशा से आने वाले वाहन चालकों के चालान काटकर उन्हें जागरूक करते रहते हैं। वह सुबह से शाम तक चौराहे पर मौजूद रहकर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और गलत दिशा में वाहन न चलाने की अपील करते हैं। लेकिन इसके बावजूद कई लोग नियमों की अनदेखी कर देते हैं।

# सेंथल में भुजेंद्र गंगवार का भव्य स्वागत, गूंजे गगनभेदी नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मोहल्ला गढ़ी में भाजपा नेता भुजेंद्र गंगवार का भव्य स्वागत किया गया। उनके सम्मान में आयोजित सभा में बड़ी संख्या में समर्थक जुटे और पूरे क्षेत्र में गगनभेदी नारों की गूंज सुनाई दी। आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया, वहीं बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया।



सभा को संबोधित करते हुए भुजेंद्र गंग. वार ने कहा कि सेंथल उनका घर है और वह यहां नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर आए हैं। उन्होंने अपने बाबा चेतराम गंगवार की राजनीतिक विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि वे छह बार विधायक और तीन बार मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि वह उसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

भाजपा से विधानसभा टिकट के दावेदार गंगवार ने बताया कि उन्होंने पार्टी आलाकमान को अपनी दावेदारी भेज दी है और क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि सभी वर्गों का उन्हें समर्थन मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उरूज नकवी व निजात मिर्जा मोहम्मद रफी ने की, जबकि अंत में आयोजक हसन मियां ने आभार व्यक्त किया।

# मुकद्दस रमजान: आज चांद नजर आया तो मसजिदों में नमाज-ए-तरावीह होगी शुरू

■ प्रमु दरगाहों व मस्जिदों में मुकम्मल कुरान के दिन तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अगर आज बुधवार को आसमान में रमजान शरीफ का चाँद नजर आ गया तो शहर की सभी प्रमुख दरगाहों, खानकाहों व मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जायेंगी, और आज चाँद नजर नहीं आया तब फिर 19 फरवरी से नमाज-ए-तरावीह शुरू हो जाएगी। इसको लेकर सभी मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। नमाजियों की सहूलियत के हिसाब से अलग-अलग मस्जिदों में मुकम्मल कुरान के दिन तय कर दिए हैं। कारोबारियों की सहूलियत के लिए दो शिफ्टों में भी तरावीह का इंतजाम किया गया है।

दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुकम्मल कुरान का सिलसिला 6वें रमजान से 27वें रमजान तक चलेगा। शहर में सबसे पहले पुराना शहर बालजती स्कूल के पास छठे रोजे को गुरुड़ वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल होगा। 26वें रोजे को दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद, दरगाह शाहदाना वली व किला की शाही जामा मस्जिद जसोली की पीराशाह मस्जिद समेत अधिकांश मस्जिदों में मुकम्मल होगा।

आजम नगर की जामुन वाली मस्जिद में दो शिफ्टों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। पहला मुकम्मल 22वें रमजान को होगा। वहीं दूसरी शिफ्ट रात 10 बजे शुरू होगी जिसका मुकम्मल 14वें रोजे को होगा।

खननू मोहल्ले की मस्जिद अबू बक्र में 8वें रोजे को मुकम्मल होगा। 10वें सिटी सब्जी मंडी की एक मीनार मस्जिद में, 11वें रोजे को खानकाह- ए-वामिकिया में, 14वें रोजे को सैलानी की ताड़ वाली मस्जिद, 21वें रोजे को सैलानी की हबीबिया मस्जिद में, 27वें रोजे को सबसे आखिर में बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां में कुरान मुकम्मल किया जाएगा।

# नंबर ब्लॉक करने पर किशोरी के घर में घुसकर छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के एक गांव में सोमवार शाम एक किशोरी के घर में घुसकर युवक ने छेड़छाड़ व मारपीट कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि सागर निवासी बीथम नौगवा लंबे समय से किशोरी को रास्ते में आते-जाते परेशान करता था और फोन पर अश्लील बातें करता था। परेशान होकर किशोरी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया।नंबर ब्लॉक करने से नाराज युवक कथित रूप से शराब के नशे में किशोरी के घर में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट भी की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर किशोरी के पिता की तहरीर पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोपी का शांति भंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया गया।

# वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दिल, अनुशासन को बताया सफलता की कुंजी

■ प्रतिभाओं की किसी क्षेत्र में कमी नहीं, उन्हें पहचानकर तराशने की जरूरत बीईओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय बीआरसी कार्यालय परिसर स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मंगलवार को अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, आवश्यकता केवल उन्हें पहचानकर सही दिशा देने और तराशने की होती है।



उन्होंने कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थी यदि नियमितता व अनुशासन को जीवन में अपनाएं तो निश्चित रूप से ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं।इसके बाद छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, कविताएं और एकांकी नाटक प्रस्तुत किए। पर्यावरण संरक्षण, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ जैसे सामा. जिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। ग्राम प्रधान अर्पणा देवी ने विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र का पहला विद्यालय है जहां इस प्रकार का भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया है। अन्य विद्यालयों को भी इससे प्रेरणा लेकर ऐसे आयोजन करने चाहिए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. वंशिका ने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेकर उन्हें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने कहा कि बच्चे सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से विद्यालय आते हैं और अनुशासन उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने दोहराया कि प्रतिभाओं की किसी क्षेत्र में कमी नहीं होती, बस उन्हें पहचानकर निखारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक राज. ेश कुमार मिश्रा ने वर्तमान शैक्षिक सत्र की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना से अभिभावकों को अवगत कराया। मंच संचालन डॉ. रोहिताश कुमार गंगवार एवं मानशी अग्रवाल ने प्रभावी ढंग से किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विमलेश गंगवार, समता श्रीवास्तव, प्रेरणा कथूरिया, सोनम चक, यासमीन हुसैन, सुमन आर्या, मीनू सेखणी, मो. रेहान, बीना तनेजा, सुनीता सिंह, साक्षी सिंह, पूजा शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों मौजूद रहे।

# बन्द मकान के ताले काटकर हजारों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गांव बल्ली में स्थित एक बन्द मकान के ताले काटकर अज्ञात चोर कपड़े बर्तन सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पीड़ित महिला ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच पड़ताल कर घटना के जल्द खुलासे की बात कही है।



जनपद रामपुर की तहसील बिलासपुर के गांव औरंग नगर खेड़ा निवासी कैकई देवी ने पुलिस को बताया कि बल्ली गांव में स्थित उनके मकान में उनका बेटा देशपाल रहता है, जो 11 फरवरी को मकान में ताले डालकर दिल्ली काम करने चला गया था। 16 फरवरी को ग्रामीणो ने घर के ताले टूटे होने की उन्हें सूचना दी। तब घर आकर देखा तो मकान के ताले टूटे पड़े थे। घर से नए कपड़े, पीतल, स्टील के बर्तन आदि कीमती सामान चोरी हो गया।

# गोभी के नकली बीज से किसान को हुआ कई लाख का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में नकली बीज बेचे जाने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के किसान जसवंत उर्फ दूधिया के साथ हुई इस घटना ने क्षेत्र के किसानों को बेचौन कर दिया है।



क्षेत्र के किसान जसवंत उर्फ दूधिया ने बताया कि उन्होंने दिसंबर माह में कस्बे की सब्जी मंडी स्थित एक दुकानदार से गोभी का बीज खरीदा था। 100 ग्राम का पैकेट 450 की दर से उसने 10 पैकेट खरीदे थे। किसान ने बताया कि उसने एक एकड़ में इस बीज के करीब 15 हजार पेड़ लगाए थे। कट्टे में भरकर तहसील पहुंचे किसान जसवंत उर्फ दूधिया ने बताया कि गोभी का पेड़ तो काफी बड़ा हो गया है लेकिन उसके अंदर गोभी जरा सी रह गई। किसान के मुताबिक दुकानदार ने उसे बताया कि गोभी का वजन 1 से डेढ़ किलो तक का होगा, लेकिन गोभी का वजन मात्र 2 से 3 सौ ग्राम ही होगा। किसान के मुताबिक उसे गोभी लगाने में करीब 90 हजार रुपये खर्च हो गया। उसके मुताबिक इस नकली गोभी से उसे कई लाख रुपये का नुकसान हो गया। वह इस मामले में उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करेगा।

# बरेली में 22 फरवरी को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर



■ आमजन को मिलेगा योजनाओं का सीधा लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आमजन विशेषकर दुर्लभ, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के विधिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी 2026 को जीआईसी ऑडिटोरियम, बरेली में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदन के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

जनपद न्यायाधीश बरेली एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के लगभग 40 स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में निशुल्क विधिक परामर्श, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण, पेंशन, श्रम, समाज कल्याण एवं दिव्यांगजन योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकीय परीक्षण, परामर्श एवं निशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम में जिला जज प्रदीप कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

वहीं जया प्रियदर्शिनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली भी कार्यक्रम में मौजूद रहकर आमजन को निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी देंगी। मेगा शिविर के नोडल अधिकारी अपर जिला जज उमा शंकर कहार द्वारा आयोजन की व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि शिविर के सफल संचालन हेतु पराविधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए लगाया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में पहुंचकर लाभान्वित हो सकें।

## मेगा शिविर से पूर्व वृद्धाश्रम में प्री-शिविर आयोजित

मेगा शिविर के सफल आयोजन को लेकर वृद्धाश्रम, बरेली में एक प्री-शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्री-शिविर में जिला चिकित्सालय की चिकित्सक टीम ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली ने बताया कि ऐसे प्री-शिविरों का उद्देश्य समाज के उपेक्षित वर्गों तक विधिक सेवाओं और जनहित सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि 22 फरवरी को आयोजित मेगा शिविर में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# धौरेरा के कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ब्लॉक के गांव धौरेरा स्थित पीएम श्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को कैरियर गाइडेंस और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने किया। श्रीमती गंगवार के साथ ही अर्बन बैंक के रूपेश गंगवार, सौरभ गंगवार ने छात्रों को कैरियर के टिप्स दिए। विद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने पुरस्कृत किया।

इसमें विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमबावू गंगवार, योग गोल्ड मेडलिस्ट और इंटरनेशनल खिलाड़ी विद्यालय की सहायक अध्यापिका अनीता गंग. वार, तरुन कुमार, ईशु कटियार, श्रीकृष्णचक्रवती, भगवान दास, भरतवीर गंगवार, राजेश कुमार, प्रज्ञा और प्रदीप आदि के साथ ही गांव के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# मण्डलायुक्त ने ली उद्योग बन्धु समिति की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मण्डलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचनाओं एवं उद्यमियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मुरादाबाद के अधिकारियों ने अवगत कराया कि फतेहगंज के पास ग्राम टूलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर दो ट्रक ले-बाय के निर्माण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कार्य लगभग पूर्ण होने के दृष्टिगत उक्त प्रकरण को एजेण्डा बिंदु से निक्षेपित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बरेली विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने नाथधाम एमएसएमई टाउनशिप योजना की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इंडस्ट्रियल टाउनशिप हेतु भूमि क्रय के लिए दर निर्धारण क्रय समिति का गठन कर लिया गया है तथा शीघ्र ही भूमि क्रय की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में लगभग 300 इकाइयों के संचालन के बावजूद एसटीपी स्थापित न होने की समस्या उठाई। इस पर मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (आरएम, यूपीसीडा) को तत्काल एसटीपी स्थापना की कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर गेट की चौड़ाई बढ़ाने (डबल गेट) हेतु पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसे मुख्यालय को अग्रसारित किया जा चुका है। स्वीकृति के बाद कार्य कराया जाएगा।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र आयुष को गलत आचरण व चाल-चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं, भविष्य में वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**पुष्पा पत्नी स्वर्गीय श्रीपाल सिंह**
**निवासी-362 नवादा शेखान**
**पुराना शहर तहसील व जिला**
**बरेली, उत्तर प्रदेश**
**मो. नं. 8650488315**

# आगामी रमजान में बिजली, पानी, सफाई की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा पत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आगामी शुरू होने वाले रमजान शरीफ को देखते हुए आल इंडिया रजा एक्शन कमेटी ने तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली, पानी, सफाई के साथ ही रोड किनारे की मस्जिदों की सुरक्षा किए जाने की मांग की है।

कमेटी के सदर मौलाना सलीम रजा के नेतृत्व में दिए गए पत्र में रमजान शरीफ पर बिजली की होने वाली अघोषित कटौती को बन्द किए जाने, मस्जिदों के आस पास साफ सफाई के साथ ही चूना और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराए जाने, स्वस्छ पानी की व्यवस्था के लिए खराब पड़े इण्डिया मार्का नलों को तत्काल ही दुरुस्त किए जाने, रोड किनारे की मस्जिदों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के साथ ही अजान के लिए लाउडस्पीकर धीमी आवाज से बजाए जाने की मांग की है। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान मौलाना लईक अहमद नूरी, मौलाना साजिद रजवी, मौलाना अंदाज अहमद, आसिफ खां, मो. उमर, गुलाम नवी, मो. जीशान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। तहस. ीलदार ने संगठन की मांगों पर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

# जेसीआई पीलीभीत मिडटाउन की 41वीं इंस्टॉलेशन सेरेमनी सम्पन्न

पीलीभीत। जेसीआई पीलीभीत मिडटाउन की 41वीं इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन सोमवार, 16 फरवरी 2026 को बेन–हर पब्लिक स्कूल कैंपस स्थित एरिना हॉल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वर्ष 2026 के लिए जेएफएफ जापनीत सिंह ने अध्यक्ष पद की शपथ लेकर अपनी नई टीम के साथ कार्यभार ग्रहण किया। साथ ही सेक्रेटरी पद की जिम्मेदारी हे जेएफए पार्थ मित्तल ने संभाली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव सेठ (ज़ोन प्रेसिडेंट 2026, जेसीआई इंडिया ज़ोन–3)



उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएफडी गौरव अरोड़ा (ज़ोन प्रेसिडेंट 2025, जेसीआई इंडिया ज़ोन–3) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जेएफजी गुरदित्त सिंह सहमी (नेशनल वाइस प्रेसिडेंट 2024) रहे, जिन्होंने नेतृत्व विकास, सेवा कार्यों तथा जेसीआई की सामाजिक भूमिका पर प्रेरणादायक विचार रखे। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष जीएफएफ अमन अग्रवाल (अध्यक्ष 2025) ने भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा वर्ष 2025 में संस्था द्वारा किए गए प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने अपनी टीम के साथ किए गए सेवा कार्यों, सामाजिक परियोजनाओं और संगठनात्मक उपलब्धियों को साझा किया। इंस्टॉलेशन ऑफिसर जीएफएम शुभम टंडन (ज़ोन वाइस प्रेसिडेंट–।, जेसीआई इंडिया ज़ोन–3) ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए गठित जेसीआई पीलीभीत मिडटाउन की टीम में वीपी मैनेजमेंट अभिजीत सिंह, वीपी ट्रेनिंग राहुल राम चंदानी, वीपी सीएनडी कपिल अग्रवाल, वीपी बिजनेस सृजन थम्मन,

वीपी करण भल्ला, सजल अग्रवाल, वीपी जेसीआई वीक शुभम शुक्ला, वीपी स्पोर्ट्स गुरस.वक सिंह, जॉइंट सेक्रेट्री शुभम गोयल, संचित अग्रवाल, तथा पीआरओ अक्षत महतिया शामिल रहे। इन सभी पदाधिकारियों ने भी शपथ लेकर संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में वर्ष 2026 के लिए नियुक्त डायरेक्टर्स में आशीष सिंह, सत्यम अग्रवाल, परेश जिंदल, सचिन सहानी, अर्पित अग्रवाल, रजत सहानी आदि रहे।

## मिशन शक्ति का असर, छात्र–छात्राओं को मिला डिजिटल सुरक्षा का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम और महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने स्कूल परिसर में कार्यशाला आयोजित कर छात्र–छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में तथा लखनऊ स्थित साइबर क्राइम मुख्यालय के निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया।

थाना हापुड़ देहात प्रभारी नीरज कुमार ने विज़डम स्कूल में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बदलते तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930, यूपी–112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला सुरक्षा केंद्र और एंटी रोमियो स्क्वॉड की भूमिका से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को आत्मरक्षा के मूलभूत उपायों और आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराध और महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए प्रश्न पूछे और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों को अपनाने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में नवाचार की गूंज, शिक्षकों ने साझा किए अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में भारत और श्रीलंका के शिक्षाविदों ने शिक्षा के बदलते आयामों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में श्रीलंका के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों सहित 25 सदस्यीय विदेशी दल की सहभागिता रही, जिससे परिसर में वैश्विक शैक्षिक संवाद का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम में मुंबई से आई डा. रश्मि त्यागी ने शिक्षकों को नवीन शिक्षण प)तियों और कक्षा–कक्ष में नवाचार के प्रभावी तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अनुभवात्मक शिक्षा और विद्यार्थी–केंद्रित शिक्षण को



वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मंच के अध्यक्ष कमल गोडा के नेतृत्व में आए विद.ेशी प्रतिनिधिमंडल का विद्यालय प्रबंधन की ओर से डा. आयुष सिंघल, डा. रोहन सिंघल और डा. निधि मलिक ने पौधा और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों के लिए आयोजित विशेष प्रतियोगिता में अनुभवात्मक शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में सुश्री रुचिका खुराना और उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हिमांशु की टीम द्वितीय और सुश्री मीनाक्षी की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय कला और विरासत पर आधारित शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदेशी प्रतिनिधियों ने विद्यालय के सहयोगात्मक शिक्षण मॉडल और छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया। आयोजन के माध्यम से शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।

## पिलखुवा लूट कांड में फरार आरोपियों पर 25–25 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में चावल व्यापारी से 64 लाख रुपये की लूट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने दोनों आरोपियों पर 25–25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित करते हुए आमजन से सहयोग की अपील की है।

पुलिस के अनुसार घटना 31 जनवरी को पिलखुवा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग–9 पर हुई थी। राजस्थान के सीकर जनपद के डाणी पाटन निवासी चावल व्यापारी राकेश ने रेलवे रोड



स्थित बैंक से 64 लाख रुपये निकाले थे।

यह धनराशि किसानों को भुगतान के लिए ले जाई जा रही थी। व्यापारी जब बाइक से दिल्ली की ओर जा रहे थे, तभी पिलखुवा फ्लाईओवर के पास स्कूटी सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर उनसे नकदी लूट ली और फरार हो गए। घटना के खुलासे में पुलिस ने पहले ही कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक घायल आरोपी समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके कब्जे से 44 लाख 37 हजार रुपये, अवैध हथियार और दो दोपहिया वाहन बरामद किए गए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात में शामिल दो आरोपी अभी गिरफ्त से बाहर हैं। फरार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र निवासी अकरम और हापुड़ जनपद के माधोपुर गांव निवासी अर्जुन त्यागी के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## कानून से खिलवाड़ महंगा पड़ा, फर्जी हमले का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में खुद पर गोली चलवाने की सनसनीखेज साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में पुलिस ने घटना के मास्टरमाइंड वीरपाल सैनी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपने साथियों से स्वयं पर गोली चलवाकर एक व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची थी।

थाना प्रभारी के अनुसार 9 फरवरी 2026 को प्रीती सैनी पत्नी वीरपाल सैनी निवासी मोहल्ला साकेत रेलवे रोड ने थाना पिलखुवा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 7 फरवरी की रात मनोज पुत्र बबली निवासी ग्राम छिजारसी और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति वीरपाल को तमंचे से गोली मार दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक.



दमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को घटनाक्रम संदिग्ध लगा। साक्ष्यों के आधार पर नामजद मनोज की संलिप्तता गलत पाई गई। आगे की पड़ताल में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वीरपाल ने स्वयं षडयंत्र रचकर अपने साथियों से अपने ऊपर गोली चलवाई थी, ताकि मनोज को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरपाल सैनी पुत्र पप्पू सैनी निवासी मोहल्ला साकेत रेलवे रोड कस्बा व थाना पिलखुवा को धौलाना रोड से गिरफ्तार कर लिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पुलिस की त्वरित व निष्पक्ष जांच की सराहना की जा रही है।

## हापुड़ में एमआरआई–डायलिसिस की तैयारी, विधायक ने उठाए बड़े मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। बैठक में क्षेत्र के अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधायक ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में मरीजों को उन्नत जांच और उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इस स्थिति को बदलने के लिए उन्होंने डायलिसिस मशीन, एमआरआई मशीन, डिजिटल सिटी स्कैन, कलर अल्ट्रासाउंड जैसी अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति का आग्रह किया। उनका कहना था कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार संभव होगा और मरीजों को समय व खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना से क्षेत्र के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भरोसा बढ़ेगा और गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार मिल सकेगा। इससे लोगों की निर्भरता बड़े शहरों के अस्पतालों पर कम होगी और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच व्यापक बनेगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक की मांगों को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और प्रस्तुत प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए विधायक के प्रयासों की सराहना की।

## एक नजर

### जिलाधिकारी व एसपी ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षा केन्द्र सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज व पीएमश्री ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज में पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे, कन्ट्रोलरूम एवं स्टागरूम का निरीक्षण किया। स्ट्रांगरूम निरीक्षण के दौरान आगामी तिथियों को आयोजित परीक्षा के पेपरों की सीलिंग, स्ट्रांगरूम, लॉक रजिस्टर का निरीक्षण करते हुये केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुये कहा कि स्ट्रांगरूम में नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक व व्यवस्थापक के अतिरिक्त अन्य को प्रवेश न दिया जाये। पेपर स्ट्रांगरूम खोलने व बन्द करने का समय, अन्दर प्रवेश व निकलने वाले सभी व्यक्तियों एवं सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों के हस्ताक्षर लॉकबुक में अवश्य सुनिश्चित किये जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लाप.रवाही न की जाये। जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुये सभी विद्यालयों के सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था देखते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री फूल बाबू का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रहे अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' के लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय से जनपद पीलीभीत में प्रथम आगमन के अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा अभूतपूर्व, ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही पूरे जिले में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला। खनंका पुल से शुरू हुआ स्वागत काफिला रोहनिया, बीसलपुर (चांद मस्जिद), ईदगाह, पटेल नगर पुलिया, पुराना पीलीभीत बस स्टैंड, बरखेड़ा, सिमरिया, पौटा तथा केजीएनदृ2 नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पीलीभीत तक भव्य रूप से जारी रहा। विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं, गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा, और नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। युवा नेताओं ने बाइक रैली के माध्यम से स्वागत किया, वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवजन सभा के साथी तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। कैम्प कार्यालय पर आयोजित सभा में उन्होंने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास, भाईचारे और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह स्वागत कार्यक्रम जिले की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखा जा रहा है। स्वागत समारोह में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' जी के पार्टी में शामिल होने पर स्वागत एवं हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आगमन संगठन के लिए अत्यंत शुभ संकेत है।

## क्षेत्र से युवती लापता, पिता ने लगाया सहकर्मी पर बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी चौकी इलाके में एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार मूल रूप से बदायूं जनपद का रहने वाला है और इन दिनों औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी कर रहा है। बताया गया है कि युवती भी स्थानीय कंपनी में कार्यरत थी। दो दिन पूर्व वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

युवती के पिता मुन्ने ने आरोप लगाया है कि कंपनी में ही काम करने वाला एक युवक उसकी पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना के बाद से परिवार बेहद परेशान है और लगातार पुलिस चौकी के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को पीड़ित पिता ने थाना धौलाना पहुंचकर थाना प्रभारी अवनीश शर्मा को लिखित शिकायत पत्र सौंपा और मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, घटना को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## निरीक्षण में मंडलायुक्त सख्त, रिकॉर्ड संधारण पर दिया विशेष जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ मंडल के आयुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट हापुड़ का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों–कर्मचारियों को रिकॉर्ड प्रबंधन तथा कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जबकि जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक



कार्यों का व्यवस्थित रजिस्टर तैयार कर अभिलेखों को प्रतिदिन अद्यतन रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन और शिकायत का पूरा विवरण–प्राप्ति की तिथि, की गई कार्रवाई, लंबित स्थिति तथा निस्तारण की जानकारी रजिस्टर और कंप्यूटर में सुरक्षित रूप से दर्ज होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने राजस्व लेखा विभाग, रिकॉर्ड रूम, भूलेख, संयुक्त कार्यालय, शस्त्र अनुभाग सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखाव और रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण होता रहता है, इसलिए प्रत्येक कार्य का स्पष्ट उल्लेख अभिलेखों में होना आवश्यक है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में निरंत.रता बनी रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को अपने–अपने पटल के कार्यों का नियमित निरीक्षण और साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी को अपने अनुभाग के सभी कार्यों की जानकारी होना अनिवार्य है और रिकॉर्ड संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि अगली समीक्षा से पूर्व सभी विभाग रिकॉर्ड व्यवस्था और कार्यप्रणाली को पूरी तरह व्यवस्थित करना सुनिश्चित करें।

## बरसाना की रंगीली होली: सुरक्षा के कड़े इंतजाम, अभद्रता पर जीरो टॉलरेंस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** विश्वप्रसिद्ध लठामार एवं रंगीली होली के मद्देनजर बरसाना में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मेले को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद की जा रही है। खास तौर पर महिला एवं विद.ेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक में एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अभद्रता, जबरन रंग या कीचड़ डालने और हुड़दंग जैसी गति.विधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं या विदेशी मेहमानों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन द्वारा संवे.दनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसरों तथा निर्धारित होली स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। सीओ अनिल कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## बौद्धिक आईकेएस परीक्षा: संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने बाजी मारी



**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित भारत बौधिक्स आईकेएस परीक्षा–2026 में अपनी योग्यता का परचम लहराते हुए टाप–30 में अपना नाम दर्ज कराया। बृजप्रांत में मूल्यांकन के उपरांत 2168 स्टूडेंट्स में से सुपर 30 स्टूडेंट्स का चयन किया गया था जिसमें संस्कृति विश्वविद्यालय की भूमि बघेल ने टाप टेन की सूची में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया तथा अन्य छात्रा भूमिका व गुंजन चौरसिया ने सुपर 30मे अपना स्थान अर्जित किया। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुरुस्कार प्रदान किए। बताते चलें कि विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रांतों में बौद्धिक आईकेएस परीक्षा–2026 आयोजित की गई थी। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा ब्रजप्रांत में विश्वविद्यालय के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक शिक्षा दीक्षा के लिए आईकेएस सेल , आईकेएस टास्क फोर्स व लायब्रेरी की व्यवस्था छात्रध्छात्राओं के लिए उपलब्ध है। संस्कृति विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि भारत–सरकार के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक सम्पन्न

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक गॉधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शासकीय अधिवक्तावार अभियोजन वादों का विवरण, गवाहों की स्थिति, सत्र न्यायालय में स्वीकृत/अस्वीकृत जमानतों आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पास्को, एससी/एसटी एक्ट, गैंगस्टर, गौवध, महिला/बच्चों सम्बन्धी अपराध के मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581–2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध खनन की जांच के लिए जिठनियां गांव पहुंची राजस्व टीम

**बिना अनुमति होते पाया गया अवैध खनन, जांच टीम ने की भूमि की पैमाइश**



शाह टाइम्स

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र के जिठनियां गांव में पिलाखार नदी किनारे निजी और ग्रामसमाज की जमीन से अवैध खनन की शिकायत पड़ोसी किसान ने तहसील प्रशासन स्वार से की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए बीते रोज नायब तहसीलदार स्वार सचिन कुमार द्वारा कानूनगो जहीन खां, लेखपाल विपिन कुमार के साथ मौके पर जाकर जांच की गई। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही खनन माफिया जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गए। अवैध खनन की जांच को पहुंची टीम ने मौके पर पाया कि गांव जिठनिया की गाटा संख्या 93 की निजी जमीन पर 0.048 हेक्टेयर भूमि पर अवैध रूप से खनन माफियाओं द्वारा पीलाखार नदी किनारे से बिना अनुमति अवैध खनन करना पाया गया है। जांच टीम द्वारा इस भूमि की पैमाइश की गई है। इस मामले में हजारों ट्रैक्टर मिट्टी को उठाया गया है। नायब तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि खनन माफियाओं के विरुद्ध जुमार्ना वसूलने की कार्यवाही की जायेंगी। रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है। वहीं खनन स्थान से सटे पड़ोसी किसान जुबैर का आरोप है कि मिट्टी के इस अवैध खनन में निजी भूमि के अलावा इससे पहले सरकारी भूमि को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है।

# सीएमओ डॉ. दीपा सिंह की अगुवाई में हज-2026 टीकाकरण अभियान लगभग पूर्ण

**1033 में से 1026 यात्रियों को लगी वैक्सीन**



कैंप में मौजूद सीएमओ डॉक्टर दीपा सिंह डॉ संतोष डॉ अजीम व अन्य

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद में हज-2026 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए चलाया जा रहा विशेष टीकाकरण अभियान अंतिम चरण में पहुंच गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि 17 फरवरी 2026 तक कुल 1033 पंजीकृत हज यात्रियों में से 1026 का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी हज यात्रियों को क्वाड्रीवेलेंट मेनिंगोकोकल मेनिन्जाइटिस वैक्सीन की सिंगल डोज दी गई है। वहीं 65 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को सीजनल इन्फ्लुएंजा वैक्सीन एवं ओरल पोलियो वैक्सीन भी लगाई गई। टीकाकरण मदरसा रोजातुल उलूम टांडा, स्वार तथा अंजुमन इस्लाहे कौम दोमहला रोड, पंजाबियान में कराया गया, जहां क्रमशः 204, 364 और 458 यात्रियों को टीका लगाया गया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार व डॉ. अजीम भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# अविष्कार अभियान के तहत विकास खण्ड से जिम कार्बेट पार्क रवाना हुई टीम



शाह टाइम्स

**स्वार।** मंगलवार विकास खण्ड में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित एक्सपोजर विजिट टीम कार्बेट इंटरप्रिटेशन सेंटर रामनगर उत्तराखड जिम कॉर्बेट पार्क के म्यूजियम के लिए रवाना हुई। आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी पी एल निरंकारी जी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। जिसमें एआरपी टीम, शिक्षकगण तथा प्रतिभागी बच्चे सम्मिलित हुए वहां जाकर बच्चों ने प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया तथा जिम कॉर्बेट पार्क की बारीकियां से अवगत कराया गया और पशु पक्षियों की 3D फिल्म भी बच्चों ने देखी साथ ही कई जानवरो जैसे बाघ, चीता तथा अन्य पशु पक्षियों के वास्तविक दृश्यो से परिचित हुए.इस दौरान ए आर पी प्रदीप सिंह, रेहान अली,अनुज कुमार, निदा खुशनूद गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बार में दो निर्णय, अंतिम फैसले पर असमंजस बरकरार

शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के विरोध में चल रही बेमियादी हड़ताल को लेकर मंगलवार को बार एसोसिएशन में दो अलग-अलग निर्णय सामने आने से स्थिति पेचीदा हो गई। पहले बैठक में हड़ताल स्थगित करने का प्रस्ताव पारित हुआ, लेकिन कुछ ही देर बाद बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी ने अलग पत्र जारी कर हड़ताल जारी रखने की घोषणा कर दी। गौरतलब है कि 11 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता फारुख अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना से आक्रोशित अधिवक्ता बेगियादी हड़ताल पर थे। मंगलवार को बार सभागार में आयोजित बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने अध्यक्षता की। बैठक में 18 से 20 फरवरी तक न्यायिक कार्य में पूर्ण सहयोग देने और फिलहाल हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया गया। इसका पत्र जारी कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी कर दिया गया। हालांकि इस निर्णय से सभी अधिवक्ता सहमत नहीं दिखे। इसके कुछ समय बाद ही बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी की ओर से जारी पत्र भी नोटिस बोर्ड पर लगा दिया गया, जिसमें स्पष्ट किया गया कि अधिवक्ताओं की मांगें पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए हड़ताल वापस लेने का प्रस्ताव निरस्त किया जाता है और आंदोलन जारी रहेगा। दोनों पत्रों के बाद अधिवक्ताओं में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। अब सभी की निगाहें बार अध्यक्ष के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं, जिससे आगे की दिशा तय होगी।

# बार अध्यक्ष का फैसला सभी को मान्य होना चाहिए : मोईन पठान



शाह टाइम्स

**रामपुर।** अधिवक्ता फारुख अहमद की हत्या के बाद बार में चल रही हलचल के बीच अधिवक्ता मोईन पठान का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बार अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी जो भी अंतिम निर्णय लें, वह सभी अधिवक्ताओं को मान्य होना चाहिए। संगठन की एकजुटता ही बार की सबसे बड़ी ताकत है और किसी भी स्थिति में आपसी मतभेद सार्वजनिक रूप से नहीं दिखने चाहिए। उन्होंने अपील की कि सभी अधिवक्ता संयम और एकता बनाए रखें तथा अध्यक्ष के निर्णय का सम्मान करें, ताकि संगठन की गरिमा बनी।

# 2रामपुर में पहली बार गूंजेगा नानी बाई का मायरा, 27 फरवरी से तीन दिवसीय भव्य कथा

शाह टाइम्स

**रामपुर।** श्री गोपाल सेवा परिवार के तत्वावधान में रामपुर में पहली बार भव्य रूप से ह्यनानी बाई का मायराह्न का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। श्री नरसी मेहता चरित्र पर आधारित यह आध्यात्मिक कथा 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक राम मनोहर लोहिया पार्क, जवाला नगर में संपन्न होगी। आयोजन को लेकर नगरवासियों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कथा के माध्यम से भक्त नरसी मेहता की अद्वितीय भक्ति, सांवरिया सेठ की कृपा और मायरे की भावपूर्ण परंपरा का जीवंत चित्रण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 27 फरवरी (शुक्रवार) को भक्त नरसी मेहता चरित्र एवं सांवरिया सेठ की होली लीला कथा, 28 फरवरी (शनिवार) को भक्त नरसी मेहता को मायरे का निमंत्रण पत्र एवं बाजार नगरी प्रवेश प्रसंग तथा 1 मार्च (रविवार) को सांवरिया सेठ द्वारा 56 करोड़ के मायरे भरने की मार्मिक कथा का आयोजन होगा। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा वाचन रामपुर के गौरव, राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य पंडित कन्हैया लाल शर्मा द्वारा किया जाएगा, जो अपनी ओजस्वी और भावपूर्ण शैली से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण करने, श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करने और अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की है। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल एवं समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# 11 हजार की लाइन ने झुलसाए सपने, डीएम बने सहारा



शाह टाइम्स

**रामपुर।** मिलक तहसील के ग्राम कमोरा की एक मासूम बेटी की जिंदगी पर 11 केवी हाईटेंशन लाइन का ऐसा साया पड़ा कि उसके सपने ही झुलस गए। छत पर खेलते समय करंट की चपेट में आई शिवानी आज भी उस दर्द को ढो रही है, लेकिन अब जिला प्रशासन ने उसके जख्मों पर मरहम लगाने की संवेदनशील पहल की है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने न केवल पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, बल्कि शिवानी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए गांव में ही रोजगार दिलाने के निर्देश भी दिए हैं।

**जनता दर्शन में पहुंचा था दर्द**

बीते 2 जनवरी 2026 को जनता दर्शन के दौरान शिवानी के पिता निर्मल सिंह अपनी व्यथा लेकर जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि नौ वर्ष पूर्व हंसती-खेलती शिवानी छत पर खेलते समय 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गई थी। इस हादसे ने जहां उसे शारीरिक रूप से गंभीर रूप से झुलसा दिया, वहीं परिवार की आर्थिक स्थिति भी डगमगा गई।

**बिजली विभाग से समन्वय, तत्काल राहत**

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने तत्काल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र चौहान को निर्देशित कर हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिवानी को बिजली विभाग द्वारा संकलित 50,000 रुपये का चेक सौंपा गया। यह सहायता राशि उपचार और दैनिक जरूरतों के लिए एक अहम सहारा मानी जा रही है।

**रोजगार से मिलेगी नई उम्मीद**

जिलाधिकारी ने सिर्फ तत्काल राहत तक ही पहल सीमित नहीं रखी। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शिवानी को उसकी ग्राम पंचायत में दैनिक कार्यों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि उसे दीर्घकालिक आर्थिक संबल मिल सके। प्रशासन की इस मानवीय पहल ने यह संदेश दिया है कि संवेदनशील शासन व्यवस्था केवल आदेशों तक सीमित नहीं होती, बल्कि जरूरतमंदों के आंसू पोंछने का जज्बा भी रखती है। कमोरा गांव में अब शिवानी के जीवन में नई उम्मीद की किरण दिखाई दे रही है।

# सेंट फ्रांसिस स्कूल में बवाल: प्रिंसिपल सस्पेंड, गिरफ्तारी की मांग

शाह टाइम्स

**रामपुर/बिलासपुर।** Dainik Jagran की रिपोर्ट के अनुसार भोट थाना क्षेत्र के गांव खूंटाखेड़ा स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में प्रिंसिपल पर छात्र-छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकत के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले के सामने आते ही अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, लेकिन अभिभावक गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंचायत में भी मामला सुलझाने की कोशिश हुई, मगर अभिभावकों का कहना है कि केवल निलंबन पर्याप्त नहीं है। आरोपी की गिरफ्तारी तक आंदोलन जारी।

# बिलासपुर में ग्राहक पर रायफल तानने वाले दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स

**रामपुर/बिलासपुर।** बिलासपुर के नैनीताल हाईवे स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर ग्राहक पर लाइसेंसी रायफल तानने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 12 फरवरी की है, जब सीएनजी भरवाने को लेकर लाइन में खड़ी गाड़ियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर पंप कर्मियों और ग्राहक के बीच तीखी झड़प हुई। आरोप है कि इसी दौरान गार्ड ने केबिन में रखी लाइसेंसी रायफल निकालकर ग्राहक पर तान दी। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और 15 फरवरी को मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह के निर्देशन में रुद्र बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपितों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपितों का चालान कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

# कड़ी निगरानी में शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं मंगलवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गईं। वहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से आरंभ होंगी। प्रशासन ने दोनों बोर्ड की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। डीएम के निर्देश पर सभी मजिस्ट्रेटों को समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की जा रही है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में कक्षा 10वीं के करीब 3400 और 12वीं के लगभग 2700 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को पारदर्शी और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# रामपुर में उर्वरक दुकानों पर छापेमारी, दो नमूने जांच को भेजे

शाह टाइम्स

**रामपुर।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मै० रामचन्द्र, मै० आर०के० पेस्टिसाइड्स, मै० बाबूजी पेस्टिसाइड्स, मै० तराई फर्टिलाइजर्स एण्ड पेस्टिसाइड्स तथा मै० शर्मा ट्रेडर्स, स्वार की दुकानों की जांच की गई। इस दौरान दो उर्वरक नमूने गृहीत कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अपील की कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदें तथा क्रय करते समय आधार कार्ड और भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से विक्रेता या उर्वरक समिति को उपलब्ध कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री अथवा उर्वरक के साथ अन्य कम प्रचलित उत्पाद को जबरन देने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसान किसी भी प्रकार की शिकायत मोबाइल नंबर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) जिला रामपुर उ०प्र०**
**सक्सेशन केस नं०-07/2026**

श्रीमती प्रभाषा शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा आयु 53 वर्ष नि० ग्राम बहपुरा पो० नानकार, तह० सदर, जिला रामपुर... वादिनी

बनाम 1. अनिल कुमार शर्मा पुत्र स्व० श्री बलराम शर्मा आयु 61 वर्ष नि० ग्राम वहपुरा पो० नानकार, तह० सदर, जिला रामपुर
2. आम जनता .....प्रतिवादीगण

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि वादिनी श्रीमती प्रभाषा शर्मा पत्नी श्री अनिल कुमार शर्मा आयु 53 वर्ष नि० ग्राम वहपुरा पो० नानकार, तह० सदर, जिला रामपुर के द्वारा सिविल जज (प्रवर वर्ग) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया है कि स्व० अभय पारासरी पुत्र अनिल कुमार शर्मा आयु 30 वर्ष नि० ग्राम वहपुरा पो० नानकार, तह० सदर, जिला रामपुर उ०प्र० का स्वर्गवास दिनांक-23.11.2025 को हो चुका है। जिनके एप्पल प्राइवेट लि० कम्पनी हैदराबाद, तेलागना राज्य में उनकी नौकरी से सैलरी फण्ड बीमा आदि से रूपये 62,69,100/-रू० एवं एप्पल स्टॉक शेयर वल्यू 23,574.39 डॉलर मय ब्याज है जिनको प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र मांग की गयी है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक-09.03.2026 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की भी आपत्ति नही सुनी जायेगी और निर्णय/आदेश पारित किया जायेगा। आज दिनांक 17 माह 2 सन् 26 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

# बालीबाल टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि रहे राजू खा

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वारः** जौहर वॉलीबॉल क्लब की ओर से ग्राम पंचायत नानकार रानी में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में नानकार रानी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि समाजसेवी राजू खान ने 21 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नानकार रानी स्थित ईदगाह मैदान में आयोजित इस टूनार्मेंट का शुभारंभ जौहर कमेटी के मोहम्मद नाजिम, डॉ. सलीम और सोनू खत्री ने किया। प्रतियोगिता में मेरठ, संभल, बिजनौर, नानकार रानी, फिरोजाबाद, सांई हॉस्पिटल, रुद्रपुर और रामनगर के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सोमवार देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में बिजनौर और नानकार रानी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। नानकार रानी की टीम ने बेहतर तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दस प्वाइंट से जीत हासिल की। टीम के कप्तान डॉ. सलीम रहे। विजेता टीम को 21 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस दौरान हबीब नेता, आलिम खान, ताज खान, मोनिस खान समेत मौजूद रहे। संचालक मोहम्मद रफी और याकूब रहे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# रमजानः रहमत, मगफि रत और इंसानियत का पाक महीना

शाह टाइम्स/कमाल

**रामपुर।** इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना पेंल्लि पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए रहमतों, बरकतों और आत्मिक शुद्धि का पैगाम लेकर आता है। यह महीना सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि सब्र, परहेजगारी, इबादत और इंसानियत को अपने किरदार में उतारने का महीना है। रमजान का हर दिन रोजे से और हर रात तरावीह, तिलावत और दुआओं से रौशन होती है।

**रोजाः सिर्फ भूख नहीं, खुद पर काबू का नाम**

रमजान में मुसलमान सुबह सादिक से लेकर सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं। रोजा इंसान को सब्र सिखाता है, उसे गरीब और जरूरतमंद की भूख का एहसास कराता है। यह आत्मसंयम और आत्ममंथन का बेहतरीन जरिया है। इंसान अपनी जबान, निगाह और व्यवहार पर भी पहरा देता है, ताकि रोजा महज रस्म न रह जाए, बल्कि उसके किरदार में निखार लाए।

**कुरआन का महीना**

रमजान को शहर-ए-कुरआन भी कहा जाता है, क्योंकि इसी महीने में पवित्र कुरआन का नुजूल हुआ। मस्जिदों में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन की तिलावत की जाती है। घरों में भी इबादत का खास माहौल रहता है। लोग ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत, दुआ और तौबा में गुजारने की कोशिश करते हैं।

**जकात और सदकाः सामाजिक बराबरी का पैगाम**

रमजान हमें यह भी सिखाता है कि समाज में कोई भूखा न रहे। जकात और सदका के जरिए मालदार लोग अपनी कमाई का एक हिस्सा जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। इससे समाज में बराबरी और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। रमजान दरअसल इंसान को सिर्फ खुदा से नहीं, बल्कि इंसानियत से भी जोड़ता है।

**इफ्तार की रौनक**

सूर्यास्त के बाद इफ्तार का वक्त पूरे घर में रौनक भर देता है। खजूर और पानी से रोजा खोला जाता है, फिर तरह-तरह के पकवानों से दस्तरख्वान सजता है। लेकिन असल खुशी इसमें है कि परिवार और समाज एक साथ बैठकर शुक्र अदा करते हैं।

**शबे-कद्रः हजार महीनों से बेहतर रात**

रमजान की आखिरी दस रातें खास अहमियत रखती हैं। इन्हीं में एक रात शबे-कद्र होती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर बताया गया है। मुसलमान इस रात इबादत और दुआ में मशगूल रहते हैं।

**ईद की दस्तक**

रमजान के पूरे महीने की इबादत के बाद जब चांद नजर आता है तो Eid al-Fitr की खुशियां दस्तक देती हैं। यह दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने और आपसी मोहब्बत बढ़ाने का दिन होता है। रमजान दरअसल आत्मशुद्धि, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम है। यह महीना हमें याद दिलाता है कि असली कामयाबी दौलत या शोहरत में नहीं, बल्कि नेक किरदार और खालिस नीयत में।

# वॉलीबॉल टूनामेंट में इमरता टीम ने मारी बाजी

## खेमपुर में हुए फाइनल मुकाबले में इमरती को हराया, इमरते की विजेता टीम ट्रॉफी के साथ







शाह टाइम्स

**सैदनगर।** खेमपुर में चल रहे वॉलीबॉल टूनामेंट में इमरता की टीम विजय रही। मंगलवार शाम को हुए फाइनल मुकाबले में इमरता की टीम नें इमरती को हरा दिया। विजय टीम को अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्वार क्षेत्र के खेमपुर में मोहम्मद रफी इंजीनियरिंग ने वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन कराया था। टूनामेंट में खेमपुर, इमरती इमरता, भोट, दिलपुरा, कुम्हरिया, कुचैटा समेत करीब एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया था। वॉलीबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला इमरती और इमरता टीम के बीच खेला गया। देर शाम को हुए कड़े मुकाबले के बाद इमरता की टीम ने बाजी मारी। टूनामेंट की तैयारी पिछले तीन दिनों से चल रही थी। गांव के युवाओं ने आयोजन का भरपूर सहयोग किया। मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 13 से प्रत्याशी मोहम्मद रफी नें विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सुबह 10 बजे शुरू हुए टूनामेंट के दौरान हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ थी। इस मौके पर इंतजार तन्हा, फरमान पाशा, नवाब अली, अरशद पाशा, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद मोफिज, मोहम्मद आसिफ, मुल्ला सलमानी, मोहम्मद अयान, डॉ अहमद हुसैन, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, दो रेफर



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, यह हादसा ग्राम भगवंतपुर के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। एक बाइक पर आदेश पुत्र डालचंद, निवासी गुजरेला और नितेश पुत्र ठाकुरदास, निवासी गुजरेला सवार थे, जो शादी का सामान लेने शाहबाद आ रहे थे।दूसरी बाइक पर मिस्कीन पुत्र नजफ शाह, निवासी सुहावा सवार थे, जो शाहबाद की ओर से अपने घर जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीनों को प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन आदेश और मिस्कीन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रामपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# नगर पंचायत मे ईओ की कुर्सी ढेड महा से खाली नगर के विकास कार्य चौपट नही बन पा रहे है जन्म मृत्यू प्रमाण पत्र नागरिक परेशान




शाह टाइम्स

**मसवासी ।** नगर पंचायत कार्यालय मे ईओ को न होने से नगर के होने वाले विकास कार्य चौपट होकर रह गये है वही जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र पत्र भी ईओ के न होने से नही बन पा रहे है नगर वासी प्रमाणपत्र लेने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे है वही सामूहिक विवाह योजना के फर्म मे भी अधर मे लटक गये है कर्मचारियो की सैलरी भी नही दी गई है कर्मचारी भी सैलरी न मिलने से परेशान है नगर पंचायत ईओ सचिन कुमार ढेड महा पूर्व नगर पंचायत कार्यालय से छुट्टी लेकर चले गए थे तब से अब तक नगर पंचायत के सारे विकास कार्य चौपट होकर रह गए है वही नागरिक जन्म व मृत्यू प्रमाणपत्र बन वाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय चक्कर काट रहे है किसी को किसी काम के लिए प्रमाण-पत्र की जरूरत है तो किसी को किसी काम लिए प्रमाण-पत्र की जरूरत पड़ रही है वही युवतियो के समूहिक विवाह योजना के फर्म भी अधर मे लटक गये है जिन युवतियो की अप्रेल महा मे शादी होनी है वह दफ्तर के चक्कर काट रहे है उन के फार्म भी अधर मे लटक गये है वही नगर पंचायत कर्मियो को जनवरी महा का वैतन भी नही मिल पाया है वैतन न मलने के कारण नगर पंचायत कर्मचारीयो के सामने भी संकट पैदा हो गया है उनके बच्चो की पढाई लिखाई पर भी संकट पैदा हो गया कर्मचारी बच्चो की फीस भी जमा नही कर पारहे है बताया गया है कि नगर पंचायत ईओ सचिन कुमार नगर पंचायत मसवासी मे आना ही नही चाहते है। अब उन्होंन एक वर्ष की छुट्टी ली है नगर वासियो ने जिला अधिकारी से नगर मे किसी ओर ईओ को भेजने की मांग की है। जिस्से नगर के रुके हुए कार्य पूरे हो सके।

# शाहबाद पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार





शाह टाइम्स /जहीर खान

**शाहबाद।** सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार ने नगर में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया है। इस मामले में दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी किया गया सामान व नकदी बरामद कर ली गई है। शातिर चोरों ने दिनदहाड़े सीएचसी कर्मी शाजिया निगार के सरकारी आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया था, घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सीएचसी काउंसलर शाजिया निगार की तहरीर पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया गया था। तहरीर के अनुसार चोरो द्वारा ताला तोड़कर लगभग 8 ग्राम सोने की चेन, 4 ग्राम की एक अंगूठी और 20,000 रुपये नकद चुरा लिए थे। मुकदमे की विवेचना उपनिरीक्षक रमेश चंद्र कर रहे थे।पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने घटना के अनावरण, आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी के माल की बरामदगी के लिए निर्देश दिए थे। क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन के कुशल नेतृत्व में शाहबाद पुलिस ने त्वरित विवेचनात्मक कार्रवाई की। शाहबाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर फहीम खां उर्फ बाबू पुत्र नवाब और शोलत पुत्र शौकत को ग्राम हिम्मतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी जनपद संभल के थाना बनियाठेर स्थित ग्राम जनेटा के निवासी हैं। हालांकि, एक अन्य आरोपी सरफराज फरार हो गया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों फहीम खां उर्फ बाबू की निशानदेही पर चोरी किया गया माल और नकदी बरामद कर ली गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात में घूमकर अलग-अलग क्षेत्रों में बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर चोरी करते थे और इसी से अपना गुजारा चलाते थे। उन्होंने कबूल किया कि लगभग आठ-नौ दिन पहले उन्होंने और सरफराज उर्फ फैज पुत्र शमीम निवासी जनेटा, बनियाठेर, संभल ने मिलकर शाहबाद के सरकारी अस्पताल के एक कमरे का ताला तोड़कर अंगूठी, जंजीर और 20,000 रुपये चुराए थे। इसके अलावा, उन्होंने 12-13 दिन पहले ग्राम ढकिया में एक बंद घर में और एक महीने पहले शाहबाद टांडा में अंबेडकर मूर्ति के पास गली में तीन-चार घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। उन्होंने अन्य कई चोरी की घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

### बरामद किया गया सामान

एक अदद चैन पीली धातु, एक जोड़ी कुंडल, अदद नाक की लोंग, एक जोड़ी कान की बाली, चार जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी गुलशन पट्टी, एक जोड़ी खड्डुआ, 2 अदद चैन सफेद धातु, कुल 3200 रुपए नगद, एक प्लास, एक लोहा सरिया

### गिरफ्तार करने वाली टीम में

कोतवाल प्रदीप कुमार,उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह, एसआई अंकित कुमार, एसआई विनेश कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल गिरंद सिंह, कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल आदित्य कुमार, कांस्टेबल चमन कुमार, कांस्टेबल प्रविंद सिंह रहे।

# विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई, जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष हाउस अरेस्ट



शाह टाइम्स

**रामपुर।** लखनऊ विधानसभा घेराव को जा रहे कांग्रेस कार्यकताओं को देर रात पुलिस ने बल प्रयोग कर रोक दिया। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित के नेतृत्व में लखनऊ कूच की तैयारी कर रहे कांग्रेस कार्यकताओं पर पुलिस ने पहले से घेराबंदी कर दी। इसके बाद देर रात जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित एवं शहर अध्यक्ष बाकर अली खां को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे, जहां से लखनऊ कूच की रणनीति बनाई जा रही थी। किंतु उत्तर प्रदेश सरकार के दमनात्मक रवैये के चलते भारी पुलिस बल तैनात कर कार्यकताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित का सख़्त बयान में कहा उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है। जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना अब अपराध बना दिया गया है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। हाउस अरेस्ट कर लेने से संघर्ष रुकने वाला नहीं, यह आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने आगे कहा की महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस हर जुल्म के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। अक्ळउ सदस्य मुतिउर रहमान खां ने सरकार की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा, ळ्उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट करना यह साबित करता है कि सरकार सच्चाई से डरती है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस नेतृत्व पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और कार्यकताओं पर हो रहे दमन के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाई जाएगी। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां का बयान में कहा, लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हमारा संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार पुलिस के सहारे विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे।ह्व कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनविरोधी नीतियां और दमनात्मक कार्रवाई बंद नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी सरकार की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से साहिर रजा खां, शारीब अली खां, नोमान मुमताज खां, हानी खां, राजेश कुमार लोधी, दुर्गेश मौर्य, देवा पंडित, दामोदर,चितरंजन प्रसाद, रामगोपाल सैनी,राजीव आर्य, शकील मंसूरी, आसिफ अली खां, मुईन पठान,ताहिर अंजुम,जमील मियां, इरफान पाशा,अर्सलान खां, आरिफ अल्वी, यासिर शाह खां, शाहजेब खान, इमरान अली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सजा के नाम पर प्रिंसिपल की अश्लील हरकतें, भोट थाने में रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**रामपुर।** भोट थाना क्षेत्र के खूंटाखेड़ा स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में शिक्षा को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल के प्रिंसिपल जोसेफ बच्चों को सजा देने के नाम पर उनके साथ अश्लील हरकत करते थे। अभिभावकों के अनुसार प्रिंसिपल बच्चों को अपने कार्यालय में बुलाकर उनके निजी अंगों से छेड़छाड़ करते थे। बच्चों ने जब इसकी जानकारी घर पर दी तो परिजनों के होश उड़ गए। शिकायत करने पर बच्चों को धमकाने और मारपीट करने का भी आरोप है। सोमवार को बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। एक अभिभावक की तहरीर पर आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ भोट थाना में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**कल से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं, 46,766 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

रामपुर। जिले में बुधवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। 74 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 46,766 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 25,518 और इंटरमीडिएट के 21,248 छात्र-छात्राएं हैं। नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए छह जोनल व नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेगा। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर दायरे में फोटोस्टेट व साइबर कैफे बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीसीटीवी निगरानी के लिए रजा इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

**स्वार में नकली कैल्शियम बेचते दुकानदार पकड़ा**

स्वार (रामपुर)। किसानों को सस्ते दाम का लालच देकर नकली खाद बेचने का मामला सामने आया है। गुड़गांव से आई Yara International की टीम ने मुख्य चौराहे के पास स्थित शर्मा फटीर्लाइजर पर छापा मारकर नकली कैल्शियम का कट्टा बरामद किया। बताया गया कि आरोपी दुकानदार 1400 रुपये के असली कट्टे की जगह 500 रुपये में नकली उत्पाद बेच रहा था। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। किसानों ने दोषियों के लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

**थार की टक्कर से बुलेट सवार युवक घायल**

रामपुर। बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में थार वाहन की टक्कर से बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। मिलकखानम थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी शानू पाल गोविंदपुरा मोड़ के पास दुर्घटना का शिकार हुआ। राहगीरों ने उसे सीएचसी बिलासपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर रुद्रपुर रेफर कर दिया गया। मामले में बिलासपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खुद को गोली मारी**

रामपुर। टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला पड़ाव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक सईद मजदूरी करता था और परिजनों के अनुसार घरेलू विवाद चल रहा था। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। टांडा थाना पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और अफवाहों का खंडन किया है।

**रंजिश में घर में घुसकर मारपीट, हवाई फायरिंग**

रामपुर। खजुरिया थाना क्षेत्र के रवानालाला उर्फ विशनपुरी खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की और हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। पीड़ित सतनाम सिंह की तहरीर पर बलराज सिंह, गुरशरण सिंह सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। खजुरिया थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराते हुए जांच शुरू कर दी है।

**किश्त के पैसे हड़पने के बाद आटो ले गए**

रामपुर। गंज कोतवाली क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा किश्त के पैसे हड़पने और बाद में आटो उठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। मोहल्ला बगीचा ऐमना निवासी फहीम का आरोप है कि उसने करीब 40 हजार रुपये कर्मचारी फिरोज को दिए थे, लेकिन किश्त जमा नहीं की गई। बाद में उसका आटो भी घर के बाहर से उठा लिया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसपी के आदेश पर गंज कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बोर्ड परीक्षा में जाने वाले नाबालिग बच्चों को बाइक न दें अभिभावकः आफताब

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** बुधवार यानी आज से शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओ को लेकर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर समेत सभी पदाधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है। बोर्ड परीक्षाओं में दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लाखों छात्र छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों सुबह और दोपहर में होगी। लिहाजा शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) के अध्यक्ष आफताब तथा महासचिव सिफत मियां ने परीक्षा में सम्मलित होने वाले सभी छात्र छात्राओं से अपील कि है परीक्षा में बैठने से पहले टेंशन न लें। फ्री माइंड होकर प्रश्न पत्र को हल करें। ध्यान से प्रश्नों को पढ़कर उनके उत्तर लिखें। साथ ही बाइक से परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले अभ्यर्थी बाइक को धीमा चलाएं। हेलमेट का प्रयोग करें घर से परीक्षा केंद्रों के लिए समय से निकले ताकि आप समय से परीक्षा केंद्र पहुंच सके। जल्दी के चक्कर में बाइक को तेज गति से न चलाएं। आपकी जिंदगी अनमोल है, आप देश का भविष्य है। हम अभिभावकों से भी अपील करते है कि वह खुद ही अपने बच्चों को परीक्षा केंद्रों पर छोड़ने जाएं और परीक्षा देने के बाद उन्हें स्वयं ही वापस लेकर घर आए। अभिभावक नाबालिग बच्चों को बाइक या कार न दें। लड़के भी एक बाइक पर तीन सवारी न चलें धीमे चलें, सुरक्षित पहुंचे, इस मौके पर संगठन के संरक्षक वीपी विद्यार्थी, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, अभिषेक शर्मा संस्थापक एहसान खा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष जहीर खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, संयुक्त सचिव फैजी खां, कोषाध्यक्ष मुस्तफा हुसैन, सचिव तकरीर अहमद समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# फाइनेंस कर्मियों पर ऑटो उठाने और मारपीट का आरोप

शाह टाइम्स

**रामपुर।** गंज थाना क्षेत्र में लोन पर लिए गए ऑटो को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जबरन उठाकर ले जाने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ऑटो स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज थाना क्षेत्र के बगीचा एमना निवासी फहीम ने बताया कि उसने बजाज फाइनेंस कंपनी से लोन पर ऑटो लिया था और वह हर माह चार हजार रुपये की किश्त ऑनलाइन जमा करता था। आरोप है कि इस बार चार हजार रुपये एजेंट फिरोज को जमा करने के लिए दिए गए, लेकिन किश्त जमा नहीं की गई। फहीम का कहना है कि जब वह इस संबंध में फिरोज के पास गया तो उसे धमकाया गया और मारपीट की गई। इतना ही नहीं, बाद में उसकी नई ऑटो भी उठा ली गई। पीड़ित की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने पनवड़िया निवासी फाइनेंस कंपनी कर्मचारी फिरोज, रोहित और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी पवन शर्मा के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गावस्कर, कपिल समेत 14 कप्तानों की इमरान से बेहतर बर्ताव की अपील



● 14 हस्ताक्षर करने वाले कप्तानों ने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिंता जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुनील गावस्कर और कपिल देव समेत 14 इंटरनेशनल कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से इमरान खान के साथ शारीरिक, मानसिक, पर्यावरण और यहां तक कि सामाजिक तौर पर भी बेहतर बर्ताव की जोरदार अपील की है। क्रिकबज समेत कुछ चुनिंदा मीडिया आउटलेट्स को जारी किया गया यह जॉइंट स्टेटमेंट, पूर्व वर्ल्ड कप विनिंग कप्तान की भलाई के लिए एक ऑफिशियल रिप्रेजेंटेशन है, जो जेल में बंद हैं और उनकी हेल्थ या सेफ्टी के बारे में कोई जानकारी मौजूद नहीं है। 14 साइन करने वालों में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व हेड कोच ग्रेग चैपल भी शामिल हैं।

अपनी एक पेज की रिक्वेस्ट में, उन्होंने कहा है कि हम पाकिस्तान सरकार से आदर के साथ रिक्वेस्ट करते हैं कि इमरान खान को ए मिलें। उनकी बताई गई हेल्थ प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए उनकी पसंद के क्वालिफाइड स्पेशलिस्ट से तुरंत, सही और लगातार मेडिकल मदद। इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के हिसाब से हिरासत में इंसानी और इज्जतदार हालात, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य रेगुलर तौर पर उनसे मिलते रहें। बिना किसी बेवजह देरी या रुकावट के कानूनी प्रोसेस तक सही और ट्रांसपेरेंट पहुंच। गावस्कर, कपिल और चैपल के अलावा, दूसरे साइन करने वालों में माइकल आथर्टन, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रेयरली , इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, डेविड गॉवर, किम ह्यूजेस, नासिर हुसैन, सर क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ, और जॉन राइट शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उनकी हेल्थ से जुड़ी हालिया रिपोर्ट खासकर हिरासत में रहने के दौरान उनकी नजर में खतरनाक गिरावट और पिछले दो सालों में उनके जेल में रहने के हालात। पिछले डेढ़ साल ने हमें बहुत चिता में डाल दिया है।

उन्होंने लिखा कि साथी क्रिकेटरों के तौर पर, जो फेयर प्ले, सम्मान और इज्जत की वैल्यू को समझते हैं, जो हद से ज्यादा हैं, हमारा मानना है कि इमरान खान जैसे कद के इंसान के साथ वैसी ही इज्जत और बुनियादी इंसानी सोच होनी चाहिए जैसी एक पूर्व नेशनल लीडर और एक ग्लोबल स्पोर्टिंग आइकॉन के साथ होनी चाहिए। उन्होंने इमरान खान के साथ हुए कथित बर्ताव और जेल के हालात पर गहरी चिता जताई। उन्होंने बताया है कि कैसे इमरान को उनकी इंस्पायरिग लीडरशिप और क्रिकेट में योगदान के लिए पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। इमरान खान के खेल में योगदान की पूरी दुनिया में तारीफ होती है।

# पाक के लिए करो या मरो मुकाबला

## आज कोलंबो में भारत के दबाव के साथ उतरेगी पाक टीम, सुपर-8 की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नामीबिया को हराना होगा



**कोलंबो/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान का करो या मरो वाला मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका का शानदार दबदबा बुधवार को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में एक दिलचस्प मुक. ाबला पेश करेगा। जहां दक्षिण अफ्रीका क्वालिफिकेशन पक्की करके और मोमेंटम के साथ यूनाइटेड अरब अमीरात के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप डी मुकाबले में उतरेगा, वहीं पाकिस्तान कोलंबो में भारी दबाव में उतरेगा, उसे सुपर आठ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए नाम. ीबिया के खिलाफ जीत की जरूरत है। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, दक्षिण अफ्रीका हर तरह से खिताब का दावेदार लग रहा है। तीन मैचों में तीन जीत ने उन्हें आराम से अगले स्टेज में पहुंचा दिया है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे बढ़कर लीड किया है, उन्होंने तीन पारियों में 150 रन बनाए हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 गेंदों पर नाबाद 86 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। बॉलिंग अटैक ने बैटिंग की ताकत का मुकाबला किया है। लुंगी एनगिडी ने तीन मैचों में आठ विकेट लेकर खतरनाक प्रदर्शन किया है, जबकि मार्को यानसन और केशव महाराज ने अहम सफलताएं दिलाई हैं। यूएई के खिलाफ जीत की 97 प्रतिशत संभावना के साथ, प्रोटियाज अपनी टीम को रोटेट भी कर सकते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ग्रुप स्टेज में बिना किसी गलती के जीत हासिल करना है। यूएई, जो पहले ही बाहर हो चुका है, ने अपने पिछले मैच में दम दिखाया। सोहैब खान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 68 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार हाफ-सेंचुरी बनाई, लेकिन उनका 160/9 का स्कोर काफी नहीं था। हालांकि वे दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देना चाहेंगे, लेकिन गहराई और कंसिस्टेंसी में अंतर साफ दिखता है। इसके बिल्कुल उलट, कोलंबो के एसएससी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान का शाम का मुकाबला कहीं ज्यादा अहम है। भारत से 61 रन की करारी हार ने 2009 की चैंपियन टीम को मुश्किल में डाल दिया है। एक और चूक जल्दी बाहर होने का कारण बन सकती है। अनुभव से भरी टीम के बावजूद, पाकिस्तान की बैटिंग खराब रही है। साहिबजादा फरहान 120 रन के साथ उनके रन चार्ट में सबसे आगे हैं, लेकिन टॉप पर इन कंसिस्टेंटनेस ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान बाबर आजम तीन मैचों में सिर्फ 66 रन ही बना पाए हैं, जबकि कप्तान सलमान अली आगा मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बॉलिंग यूनिट काफी मजबूत रही है, जिसमें कई योगदान देने वालों ने विकेट शेयर किए हैं, हालांकि शाहीन अफरीदी महंगे रहे हैं। कागज पर पाकिस्तान 93 परसेंट जीत की संभावना के साथ भारी फेवरेट बना हुआ है, लेकिन हालिया फॉर्म दबाव में कमजोर होने का संकेत देता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## डुसान लाजोविच का रियो ओपन के अंतिम-16 में प्रवेश

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** सर्बियाई क्वालिफायर डुसान लाजोविच जर्मनी के सातवें सीड डेनियल अल्टमायर को 6-4, 7-6 (7) से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए। लाजोविक, जिन्होंने लकी लूजर के तौर पर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी, ने सोमवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और दो मिनट में अपनी पहली सर्व पर 79 परसेंट पॉइंट जीते और नेट पर 14 में से 12 पॉइंट लेकर जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 54 अल्टमायर ने आठ एस मारे लेकिन 38 अनफोर्स्ड गलतियां कीं और अपनी दूसरी सर्व पर सिर्फ 39 परसेंट पॉइंट जीते। 129वीं रैंक वाले लाजोविच एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में चिली के टॉमस बैरियोस वेरा या इटली के माटेओ से भिड़ेंगे।

## पेगुला ने आखिरी 9 गेम जीते, राउंड ऑफ-16 में पहुंचीं

**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला- जो ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार सेमीफाइनल रन के बाद आईं - ने डब्ल्यूटीए टूर पर मिडिल ईस्ट स्विंग के पहले दो टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया, बल्कि ठीक होने के लिए यूनाइटेड स्टेट्स वापस चली गईं। नंबर 4 सीड होने के नाते, पेग. ुला को दूसरे राउंड के लिए बाई मिली थी , जहां वह मंगलवार को क्वालिफायर वरवारा ग्राचेवा पर 6-4, 6-0 की रूटीन जीत में निश्चित रूप से तरोताजा और हावी दिखीं। पेगुला को तीसरे राउंड में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ 70 मिनट लगे और अब इवा जो. विक और डायना नैडर के विनर का इंतजार है। पेगुला ने जीत के बाद कहा कि अच्छा लग रहा है। किसी स्लैम का इतना अच्छा रिजल्ट आने के बाद, और पहले हफ्ते, वापस खेलना और पिछले हफ्ते स्किप करना यह हमेशा थोड़ा अजीब लगता है।

# आयरलैंड पर टिकी है ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की किस्मत

● ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल टीम चौराहे पर खड़ी है उनकी सुपर-8 की किस्मत आयरलैंड व जिम्बाब्वे के सहारे

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन आज स्क्रिप्ट हाई ड्रामा जैसी लग रही है - ताकतवर ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम चौराहे पर खड़ी है, उनकी सुपर 8 की किस्मत सिर्फ उनके अपने बल्ले से नहीं, बल्कि आयरलैंड और जिम्बाब्वे की किस्मत से जुड़ी है।

जब बड़ी टीमें आगे की बजाय बगल से देखने लगती हैं, तो आप समझ जाते हैं कि कहानी चूल्हे पर ज्यादा देर तक रखे चावल की तरह गाढ़ी हो गई है। ऑस्ट्रेलिया, चोटिल लेकिन सांस लेते हुए, एक मैथमेटिकल भूलभुलैया में फंस गया है। एक



जीत, दो हार, और एक नेट रन रेट जो हल्का सा 0-414 पर मुस्कुरा रहा है - यह किसी चैंपियन का अकड़ नहीं है, यह एक ऐसी टीम का रस्सी पर चलना है जो खाई को देख रही है।

ओमान के खिलाफ उनका आखिरी लीग मुकाबला अब सिर्फ एक मैच नहीं है, यह एक बचाव मिशन है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है। ओमान पर जबरदस्त जीत भी शायद काफी न हो। कंगारू को नाचने से पहले बैगपाइप बजाना होगा। आयरलैंड को जिम्बाब्वे को हराना होगा। उस आयरिश बगावत के बिना, ऑस्ट्रेलिया का कैंपेन तूफान में मोमबत्ती की तरह बुझ जाएगा। इस बीच, श्रीलंका ने अब तक अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट्स के साथ सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। रविवार रात, मेजबान टीम ने ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया, जिसमें पथुम निसंका की शानदार सेंचुरी ने ग्रुप स्टेज में उनके शानदार प्रदर्शन को दिखाया। जिम्बाब्वे चार पॉइंट्स के साथ टेबल में सबसे ऊपर है और उसका नेट रन रेट 1-984 है। यह नंबर सिर्फ हिसाब-किताब नहीं है - यह एक किला है। अगर वे आयरलैंड को हरा देते हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के लिए दरवाजा बंद हो जाएगा। अगर वे हार जाते हैं, तो नेट रन रेट महाभारत शुरू हो जाएगी - एक तीन-तरफा मुकाबला जहां हर रन, हर बचा हुआ ओवर, हर बाउंड्री एक खंजर या ढाल बन जाती है। ऑस्ट्रेलिया के लिए, अब यह जीतने के बारे में नहीं है - यह बड़ी जीत के बारे में है। इंच से नहीं, बल्कि मीलों से। पहाड़ खड़ा करो या बिजली की तरह पीछा करो। ओमान को कोल्हू में गन्ने की तरह निचोड़ो। क्योंकि एनआरआर के कोर्टरूम में, दया की कोई अपील नहीं है। विडंबना यह है कि यह काव्यात्मक है।

# सुपर-8 का अभ्यास करने उतरेगा भारत

**अहमदाबाद, वार्ता।** जब आप आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जैसा टूर्नामेंट खेलते हैं, तो दो तरह के मैच होते हैं। एक वो जिसमें जिंदा रहना दांव पर होता है। दूसरा वो जिसमें स्टैंडर्ड तय होते हैं। बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच साफ तौर पर दूसरी कैटेगरी में आता है।

भारत पहले ही सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई कर चुका है। तीन मैच, तीन पक्की जीत। काम अच्छे से, लगभग क्लिनिकली किया गया है। लेकिन अगर दशकों से महान टीमों को देखने से आप एक बात सीखते हैं, तो वह यह है - वे कभी स्विच ऑफ नहीं होतीं। क्वालिफिकेशन फिनिश लाइन नहीं है( यह सिर्फ चेकपॉइंट है। इस भारतीय टीम ने कमाल का बैलेंस दिखाया है। टॉप

● आज नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का आखिरी ग्रुप मैच

ऑर्डर में इरादा है, मिडिल ऑर्डर में मैच्योरिटी है, और बॉलिंग में वैरायटी है। पिछले मैच में, ईशान किशन की 40 गेंदों पर 77 रन की शानदार पारी ने माहौल बना दिया। यह बिना सोचे-समझे हिटिंग नहीं थी, यह सोची- समझी आक्रामकता थी। यही एक अच्छी पारी को एक महान पारी से अलग करता है। सूर्या बीच के ओवरों में शांत रहते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी भारत को टी-20 क्रिकेट में बहुत जरूरी फिनिशिंग देते हैं। टीम मैनेजमेंट के लिए अच्छी बात गहराई होगी। अगर एक या दो बैट्समैन फेल भी हो जाते हैं, तो भी भरपाई के लिए काफी फायरपावर है। बॉलिंग यूनिट शायद और भी शानदार रही है। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने मिलकर अब तक टूर्नामेंट में 12 विकेट लिए हैं। जो बात सबसे अलग है, वह है उनका कंट्रोल। वे सिर्फ विकेट नहीं ढूंढते वे प्रेशर बनाते हैं। और प्रेशर, खासकर टी-20 क्रिकेट में, गलतियां करने पर मजबूर करता है।

ऐसी चर्चा है कि जसप्रीत बुम. राह को सुपर 8 स्टेज के लिए फेश रखने के लिए आराम दिया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इससे भारत बहुत कमजोर नहीं होगा। यह सिर्फ बेंच स्ट्रेंथ को टेस्ट करेगा। जो टीमें टूर्नामेंट में गहराई तक जाती हैं, उन्हें अक्सर 14 या 15 प्लेयर्स की जरूरत होती है, न कि सिर्फ आम ग्यारह की। नीदरलैंड्स के लिए, सिचुएशन बिल्कुल अलग है। अमेरिका से भारी हार के बाद, वे खुद को मुश्किल स्थिति में पाते हैं।

# भारत 43 पदकों के साथ तालिका में टॉप पर

**दुबई, वार्ता।** भारत ने शुरुआती दुबई 2026 ग्रां प्री-17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप- में शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 43 मेडल के साथ मेडल टेबल में टॉप पर रहा, जिसमें 16 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। कोलंबिया और केन्या ने अपने 20-20 मेडल में से 11 और 6 गोल्ड मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि मेजबान यूएई सीजन के पहले वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में 31 मेडल में से 6 गोल्ड के साथ चौथे स्थान पर रहा। भारत के लिए, जो नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अगला डब्ल्यूपीए ग्रां प्री होस्ट करेगा, उसके एथलीटों के लिए सीजन की शुरुआत कॉन्फिडेंस के साथ करना जरूरी था, और उन्होंने दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन ग्राउंड पर ठीक वैसा ही किया। दो बार के

● दुबई 2026 ग्रां प्री 17वीं फाजा इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने 16 स्वर्ण, 13 सिल्वर और 14 कांस्य पदक जीते

पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल पुरुषों की जेवलिन थ्रो64 में गोल्ड के साथ अपने पसंदीदा मैदानों में से एक पर लौटे, जबकि उनके साथी थ्रोअर और पेरिस 2024 के गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप (पुरुषों की जेवलिन थ्रो41) और धर्मबीर नैन (पुरुषों की क्लब थ्रो 51) ने भी दुबई में जीत के साथ सीजन की शुरुआत की। उनके साथ पेरिस 2024 की डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट प्रीति पाल भी थीं, जिन्होंने महिलाओं की 100मी और 200मी टी35 इवेंट्स में क्रमशः गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीते। दुबई में उनके मेडल ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स के बाद उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन को और पक्का कर दिया।

# होबार्ट लेग को भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट लेग के लिए 24 सदस्यों वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान किया। यह टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी। आने वाले लेग में भारत स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला करेगा, जो एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होने की उम्मीद है। राउरकेला लेग पूरा करने के बाद, जहां भारत का सामना बेल्जियम और अर्जेंटीना से हुआ था, टीम अब होबार्ट में फिर से इकठा होकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। टीम में अनुभव के साथ युवा टैलेंट का मेल है, क्योंकि टीम का मकसद मजबूती से वापसी करना है। टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 गेम्स में दो बार के ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को इस दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। हरमनप्रीत सिंह पर्सनल कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला लेग के दौरान सीनियर टीम में डेब्यू करने वाले युवा खिलाड़ी अमनद. ीप लाकड़ा और मनमीत सिंह ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। सूरज और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार गोलकीपिग की जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह,

### एफआईएच प्रो लीग

● भारतीय हॉकी टीम 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेलेगी

जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी नाम हैं, साथ ही होनहार युवा खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदुरा बॉबी भी हैं।

**मिडफील्ड की** कमान कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल संभालेंगे। उन्हें राजिदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह का साथ मिलेगा।

**फॉरवर्ड लाइन** में जाने-माने अटैकर मंदीप, अभिषेक और शिलानंद लाकड़ा शामिल हैं। मनिदर सिंह टीम में वापस आए हैं, जो हीरो एशिया कप 2022 और एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले एडिशन में खेल चुके हैं।

# सकारात्मक अंदाज में अपना अभियान समाप्त करना चाहता है इटली



**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप सी में लगातार दूसरी हार के बावजूद इटली अपने अभियान को सकारात्मक अंदाज में खत्म करना चाहता है। हार के बावजूद, इटली की टीम ने दुनिया की टॉप टी 20 टीमों में से एक, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने जुझारू प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया, जिससे पता चलता है कि वह अपने पहले वर्ल्ड कप में ग्लोबल स्टेज पर तेजी से आगे बढ़ रही है, ऐसा इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की वेबसाइट के अनुसार है। स्टैंड-इन कप्तान हैरी मैनेंटी ने टूर्नामेंट को टीम के लिए एक अनोखा अनुभव बताया। हार के बाद मैनेंटी ने कहा कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हमारी तैयारी से पहले लाइट्स में नहीं खेला है। वे बस जोफ्रा आर्चर और दूसरों का सामना लाइट्स में शायद 15,000 लोगों के सामने कर रहे थे। जब आप आराम से बैठकर इसकी तारीफ करते हैं, तो यह काफी प्रभावशाली बात होती है। उन्होंने कम समय में इटली की शानदार बढ़त पर जोर दिया। हम रोम से आए थे, जहां हम यूरोप के छोटे देशों के खिलाफ सिंथेटिक क्रिकेट खेलते थे। लेकिन हम वहां से 18 महीने के अंदर ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने तक पहुंच गए हैं। यह एक बहुत बड़ी चढ़ाई है।

# भारतीय 'ए' महिला टीम सेमीफाइनल में



### महिला एशिया कप

● भारत 'ए' टीम ने बैंकॉक में टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में नेपाल को सात विकेट से हराया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत ए ने मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक के टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड में अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पहले बॉलिंग करते हुए, इंडिया ए ने तनुजा कंवर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नेपाल को 18 ओवर में सिर्फ 78 रन पर ढेर कर दिया, जिन्होंने चार विकेट लिए।

इंडिया ए ने सिर्फ 7-5 ओवर में टारगेट हासिल कर आराम से जीत हासिल कर ली। इस जीत से डिफेंडिंग चैंपियन तीन मैचों में चार पॉइंट्स और प्लस 3-042 के नेट रन रेट के साथ ग्रुप ए में टॉप पर पहुंच गई। अपने पहले मैच में यूएई से हैरान करने वाली हार के बाद, कप्तान राधा यादव की टीम ने पाकिस्तान ए और नेपाल पर लगातार जीत के साथ जोरदार वापसी करते हुए नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। फील्डिंग चुनने के बाद इंडिया ने जल्दी ही स्ट्राइक कर ली, मिन्नू मणि ने पांचवें ओवर में बिंदु रावल को आउट किया। इसके बाद इंडियन स्पिनर्स ने मैच पर कब्जा कर लिया, नेपाल के दस में से नौ विकेट लिए, जिसमें मिन्नू मणि ने 3/8 और राधा यादव ने दो विकेट लिए। नेपाल के लिए समझाना खड़का ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, लेकिन बाकी बैटिंग लाइन-अप टिक नहीं पाई। जवाब में, इंडिया ए ने जल्दी ही एक विकेट खो दिया, लेकिन वृंदा दिनेश सिर्फ 18 गेंदों पर 39 रन बनाकर नाबाद रहीं और दूसरे छोर पर कुछ विकेट गंवाने के बावजूद टीम को आसानी से जीत दिलाई।

## सिनर ने दोहा में जबरदस्त डेब्यू के साथ फॉर्म में की वापसी

**दोहा, वार्ता।** जैनिक सिनर इस हफ्ते दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जैनिक सिनर ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हारने के दर्द को सोमवार को दोहा में नए मकसद में बदलना शुरू किया, जहां उन्होंने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में शानदार डेब्यू परफॉर्मेंस से भीड़ को रोमांचित कर दिया। ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से पांच सेट में हारने के दो हफ्ते बाद, सिनर दोहा में हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में टॉमस माचाक पर 6-1, 6-4 से शानदार जीत के साथ जीत की राह पर लौटे। अपनी 70 मिनट की जीत के साथ, दूसरे सीड खिलाड़ी ने इस लेवल पर अपनी जीत का सिलसिला 11 मैचों तक बढ़ा दिया, इससे पहले उन्होंने पिछले अक्टूबर में बीजिंग और वियना में खिताब जीते थे। अपने पहले राउंड के शानदार परफॉर्मेंस के दौरान, सिनर ने सर्व पर सिर्फ छह पॉइंट गंवाए।

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर-2025 बनी मंधाना



● इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड कप जीतने वाली क्रिकेटर स्मृति मंधाना को भारत के लिए उनके शानदार प्रदर्शन के बाद 2025 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर चुना गया। 29 साल की मंधाना ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीतने में भारत की वाइस-कैप्टन के तौर पर अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान 434 रन बनाए थे। इस सम्मान के लिए भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज चैंपियन दिव्या देशमुख, शूटर सुरुचि सिंह और हर्डलर ज्योति याराजी को भी नॉमिनेट किया गया था। अवार्ड लेते हुए, मंधाना ने इसे महिला क्रिकेट के लिए एक यादगार दौर बताया। उन्होंने कहा कि यह एक खास साल रहा है। बीबीसी, मुझे बेस्ट स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड देने के लिए धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं योगदान दे सकी और भारत को मैच जीतने में मदद कर सकी। मंधाना को एक जूरी ने चुना था जिसमें पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस, पैरालंपिक मेडलिस्ट दीपा मलिक और लॉन्ग जम्पर अंजू बॉबी जॉर्ज शामिल थीं। उन्होंने 16 साल की उम्र में इंडिया के लिए डेब्यू किया था और सभी फॉर्मेट में 17 इंटरनेशनल सेंचुरी बनाई हैं, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मंधाना ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ दो विमेंस प्रीमियर लीग टाइटल भी जीते हैं। दूसरे अवॉर्ड विनर्स में, दिव्या देशमुख को 20 साल की उम्र में विमेंस वर्ल्ड कप जीतने के बाद एमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। पैरा-एथलीट प्रीति पाल को 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने के बाद बीबीसी पैरा स्पोर्ट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जबकि पूर्व शूटर अंजलि भागवत को इंडियन शूटिंग में उनके योगदान के लिए बीबीसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सिडनी 2000 में, अंजलि ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला इंडियन शूटर बनीं। उन्होंने चार कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडल भी जीते।

# सम्पादकीय

बुधवार, 18 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## कैसे लगे लगाम

मंगलवार को हेट स्पीच पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी अहम टिप्पणी की। जिसमें उसने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारे बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट शिक्षाविद रूपरेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि कोर्ट ने अलग से एक याचिका दायर करने के लिए कहा है और मौजूदा याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार किया है। याचिका में नेताओं व मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाओं में कहा गया था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से चीफ जस्टि सूर्यकांत, जस्टि बीवी नागरत्ना और जस्टिस जायमाल्या बागची के समक्ष दलीलें रखी। सिब्बल का कहना था कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का विशेष रूप से नाम लिया, लेकिन साथ ही कहा कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाजपा में जवाब तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन बेंच उनकी दलीलों से असंतुष्ट दिखाई दी और चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। इसलिए एक दूसरी याचिका दायर करें और इनको वापस लें। उस नई याचिका में यह बताया जाए कि राजनीतिक कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर कोर्ट सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टि नागरत्ना ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। नागरत्ना का कहना था कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल भी उठाए, जिसमें उनकी पीड़ा भी दिखाई देती है कि अगर वह गाइडलाइन बना भी दें तो उनका पालन कौन करेगा। भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं। हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। इस बीच अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने चुनाव प्रचार संहिता का भी जिक्र किया और पीठ को बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन इससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है। इस पर बड़ी बात जस्टिस बागची ने यह कहकर कही कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले भी हेट स्पीच को कई सिद्धांत तय चुका है। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि ऐसे में राजनीतिक दलों की बड़ी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि कोई भी नेता पार्टी का एक सदस्य होता है। जाहिर है हेट स्पीच एक बड़ी समस्या है, नि:संदेह वह केवल कोर्ट के सहारे नहीं रोकी जा सकती। राजनीतिक दल ही आगे आएं।

## पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख



एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है, एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं, प्रचार की भूखी मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है, इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहां तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## रमजान मुबारक: इबादत, सब्र और इंसानियत का पाक महीना

रमजान मुबारक इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। यह महीना केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि आत्मशुद्धि, आत्मसंयम, त्याग, सब्र और अल्लाह की इबादत में डूब जाने का महीना है। दुनिया भर के मुसलमान इस महीने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, क्योंकि यह महीना उन्हें आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है और जीवन को एक नई दिशा देता है। रमजान का चांद दिखाई देते ही मस्जिदों में रौनक बढ़ जाती है, घरों में इबादत का माहौल बन जाता है और हर दिल में एक खास सुकून उतर आता है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है और इसी महीने में पवित्र कुरआन शरीफ का अवतरण हुआ था। यह महीना हमें याद दिलाता है कि इंसान को अपने अंदर की बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि अपनी नजर, अपनी जुबान, अपने विचार और अपने व्यवहार को भी नियंत्रित रखने का नाम है। जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक कुछ खाता-पीता नहीं है, तब उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे दया और इंसानियत की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

रमजान में सहरी और इफ्तार का विशेष महत्व होता है। सहरी वह भोजन है जो सूर्योदय से पहले किया जाता है, और इफ्तार सूर्यास्त के बाद रोजा खोलने का समय होता है। इफ्तार के समय परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठते हैं, दुआ करते हैं और खजूर तथा पानी से रोजा खोलते हैं। यह .श्य अपने आप में एकता और प्रेम का प्रतीक होता है। मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का आयोजन भी किया जाता है, जहां अमीर-गरीब सभी एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं। इससे सामाजिक समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

रमजान का महीना तरावीह की नमाज के लिए भी जाना जाता है। इस दौरान मुसलमान रात में विशेष नमाज अदा करते हैं जिसमें कुरआन शरीफ का पाठ किया जाता है। यह इबादत दिल को सुकून देती है और इंसान को अल्लाह के करीब ले जाती है। रातों की इबादत और दिन के रोजे मिलकर इंसान के जीवन में अनुशासन और संयम लाते हैं। यह महीना सिखाता है कि अगर इंसान चाहे तो अपने मन और इच्छाओं पर नियंत्रण पा सकता है।

रमजान में जकात और सदका देने की परंपरा भी है। जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसके तहत संपन्न लोग अपनी आय का एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को देते हैं। इससे समाज में आर्थिक संतुलन बना रहता है और जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। रमजान के दौरान लोग खुलकर दान करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि इस महीने में किए गए नेक कामों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है।

रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्लेषण का अवसर भी है। यह महीना हमें अपने कर्मों पर विचार करने, अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। जब इंसान रोजा रखता है, तो वह झूठ, चुगली, गाली-गलौज और बुरे कामों से दूर रहने की कोशिश करता है। यह आत्मसंयम धीरे-धीरे उसके स्वभाव का हिस्सा बन जाता है।

इस महीने में आखिरी दस दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन्हीं दिनों में शबे-कद्र आती है, जिसे हजार महीनों से बेहतर रात कहा गया है। इस रात की इबादत का सवाब अत्यधिक होता है। लोग पूरी रात जागकर नमाज अदा करते हैं, कुरआन पढ़ते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। यह रात इंसान को उम्मीद और नई शुरुआत का संदेश देती है।

रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है। यह एहसास उसे जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार करता है। अंत में, रमजान मुबारक केवल एक शुभकामना नहीं है, बल्कि एक दुआ है कि यह महीना हमारे जीवन में खुशियां, शांति और बरकत लेकर आए। यह हमें सच्चाई, ईमानदारी और इंसा. नियत की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान



**रमजान का सामाजिक और पारिवारिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह महीना परिवार के सदस्यों को एक साथ लाता है। सहरी और इफ्तार के दौरान पूरा परिवार एक साथ बैठता है, जिससे रिश्तों में मधुरता आती है। बच्चे भी इस महीने में रोजे रखने की कोशिश करते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करते हैं। इससे उनमें बचपन से ही अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि असली खुशी केवल भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं है, बल्कि आत्मिक शांति में है। जब इंसान भूखा-प्यासा रहकर भी सब्र करता है, तो उसे अपने अंदर की शक्ति का एहसास होता है।**

हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी इंसान हैं और हमें एक-दूसरे के साथ प्रेम और सम्मान से रहना चाहिए। रमजान मुबारक का यह पवित्र महीना हर साल हमें खुद को सुधारने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का अवसर देता है। अगर हम इस महीने की शिक्षाओं को पूरे साल अपने जीवन में उतार लें, तो हमारा समाज अधिक शांतिपूर्ण और समृद्ध बन सकता है। यही रमजान का असली संदेश है सब्र, इबादत, दया और इंसानियत।

**नसीम राना**

## सूरजमुखी के पराबैंगनी की दोहरी भूमिका

**सूरजमुखी की दो प्रजातियों एच. एन्नस और एच. पेटियोला. रिस के जीनोम का अध्ययन किया गया। अकेले एच. एन्नस में एक जीन में बहुरूपता मिली जो फूलों के पैटर्न में 62 प्रतिशत विविधता के लिए जिम्मेदार थी। एच. पेटियोलारिस में स्पष्ट परिणाम नहीं दिखे। अन्य शोधकर्ताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष अन्य फूलों पर भी लागू हो सकते हैं और इस तरह के अध्ययन यह समझने में मदद कर सकते हैं कि पौधे जलवायु परिवर्तन के प्रति किस तरह की प्रतिक्रिया दे सकते हैं।**

गर्मियों के अंत में खेतों में सूरजमुखी खिले दिखते हैं। लंबे तने के शीर्ष पर लगे सूरजमुखी के फूल लगभग एक जैसे ही दिखाई देते हैं। चटख पीले रंग की पंखुड़ियां और बीच में कत्थई रंग का गोला, लेकिन पराबैंगनी प्रकाश को देखने में सक्षम मधुमक्खियों व अन्य परागणकर्ताओं को सूरजमुखी का फूल बीच में गहरे रंग का और किनारों पर हल्के रंग का दिखता है जैसे चांदमारी का निशाना (बुल्स आई) हो।

हाल ही में ई-लाइफ में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक इस बुल्स आई में पाए जाने वाले यौगिक न सिर्फ परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं, बल्कि पानी के ह्रास को भी नियंत्रित करते हैं और सूरजमुखी को अपने वातावरण में अनुकूलित होने में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं को बुल्स आई के आकार के लिए जिम्मेदार एक एकल परिवर्तित जीन क्षेत्र भी मिला है। ये निष्कर्ष शोधकर्ताओं को यह समझने में मदद कर सकते हैं कि सूरजमुखी और कुछ अन्य फूल बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण अक्सर पड़ने वाले सूखे से कैसे निपटते हैं। सूरजमुखी (हेलिएंथस प्रजातियां) कठिन आवास स्थानों के प्रति अनुकूलित होने में माहिर हैं। इस वंश के पौधे अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों, जैसे गर्म, शुष्क रेगिस्तान और खारे दलदल में रह सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के पादप आनुवंशिकीविद मार्को टोडेस्को जैव विकास और जेनेटिक्स की दृष्टि से समझना चाहते थे कि ये ऐसा कैसे करते हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका के दूरस्थ स्थानों से लाकर यूनिवर्सिटी में उगाए गए 1900 से अधिक सूरजमुखी पौधों का अध्ययन किया। अध्ययन का उद्देश्य फूलों के रंग जैसे विभिन्न लक्षणों को देखना था ताकि उनका



आनुवंशिक आधार खोजा जा सके। शोधकर्ताओं द्वारा सूरजमुखी की पराबैंगनी तस्वीरें लेने पर पता चला कि हरेक सूरजमुखी के फूल के लिए बुल्स आई का आकार बहुत अलग था। फूल के बीच में छोटे से घेरे से लेकर पूरी पंखुड़ियों पर बड़े घेरे तक बने थे। ये भिन्नता न केवल अलग-अलग प्रजातियों में थी बल्कि एक ही प्रजाति के फूलों के बीच भी थी, जिससे लगता है कि इसका कोई वैकासिक महत्व होगा। अन्य प्रजातियों के फूल परागणकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए इसी तरह के पैटर्न का उपयोग करते हैं, इसलिए शोधकर्ता देखना चाहते थे कि क्या सूरजमुखी के मामले में भी ऐसा ही है। जैसी कि उम्मीद थी, परागणकर्ता छोटे या बड़े बुल्स आई वाले फूलों की तुलना में मध्यम आकार की बुल्स आई वाले फूलों पर 20-30 प्रतिशत बार अधिक आए। सवाल उठा कि यदि मध्यम आकार परागणकर्ताओं के लिए सबसे आकर्षक है तो फिर इन फूलों में बुल्स आई के इतने भिन्न आकार क्यों दिखते हैं? शोधकर्ताओं का अनुमान था कि बुल्स आई का कोई अन्य कार्य भी होगा जिसके चलते आकार में इतनी विविधता है। इस संभावना की जांच के लिए शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका वाले सूरजमुखी (हेलिएन्थस एन्नस) के विभिन्न आकार की बुल्स आई का भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से मानचित्र बनाया, जैसी कि उम्मीद थी उन्हें विविधता में एक स्पष्ट भौगोलिक पैटर्न दिखाई दिया। पहले तो शोधकर्ताओं को लगा था कि बुल्स आई, जिसमें पराबैंगनी सोखने वाले रंजक होते हैं, सूरजमुखी को अतिरिक्त सौर विकिरण से बचाती होगी, लेकिन सूरजमुखी के मूल भौगोलिक क्षेत्र में पराबैंगनी किरणों की तीव्रता और बुल्स आई के औसत आकार के बीच कोई सम्बंध नहीं दिखा। फिर शोधकर्ताओं को लगा कि शायद तापमान का इससे सम्बंध होगा। पूर्व अध्ययनों ने बताया गया था कि सूरजमुखी के फूल ऊष्मा को अवशोषित करने के लिए सूरज की तरफ रुख करते हैं, जो उन्हें तेजी से बढ़ने और परागणकर्ताओं को आकर्षित करने में मदद करता है। इसलिए शोधकर्ताओं का विचार था कि बड़ी बुल्स आई फूलों को ऊष्मा देने में मदद करती होगी ताकि परागणकर्ता भी आकर्षित हों और वृद्धि भी तेजी से हो, लेकिन जब शोधकर्ताओं ने विभिन्न आकार के बुल्स आई वाले फूलों से आने वाली गर्मी की मात्र की तुलना की तो उन्हें इसमें दिन में किसी भी समय कोई अंतर नहीं दिखा। अंत में, उन्होंने देखा कि बड़े बुल्स आई वाले सूरजमुखी शुष्क इलाकों से लाए गए थे, जबकि छोटी बुल्स आई वाले सूरजमुखी नम इलाकों से लाए गए थे। इस आधार पर शोधकर्ताओं का विचार था कि बुल्सआई के आकार का सम्बंध नमी रोधन से होगा।

**...स्रोत फीचर्स**

## एचबीए 1सी टेस्ट पर नया अध्ययन: डायबिटीज की चुनौतियां



**विनीत नारायण**

डायबिटीज, जिसे आधुनिक युग की महामारी कहा जा रहा है, भारत में करोड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत दुनिया का डायबिटीज कैपिटल है, जहां 10 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। डायबिटीज के निदान और नियंत्रण के लिए एचबीए1 सी (ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन) टेस्ट को 'सोने का मानक' माना जाता रहा है। यह टेस्ट पिछले दो-तीन महीनों की औसत ब्लड शुगर लेवल को मापता है, जो आसान, गैर-आक्रामक और विश्वसनीय लगता है। लेकिन फरवरी 2026 में 'द लैंसेट रीजनल हेल्थ - साउथईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दे दी है। यह अध्ययन, जो विशेष रूप से भारतीय और दक्षिण एशियाई आबादी पर केंद्रित है, चेतावनी देता है कि एनीमिया, हीमोग्लोबिन विकृतियों और अन्य कारकों के कारण एचबीए1सी टेस्ट गलत निदान कर सकता है, जिससे डायबिटीज का पता चार साल तक देरी से चल सकता है।

यह अध्ययन, प्रोफेसर अनूप मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा लिखित, एचबीए1सी की सीमाओं पर गहन समीक्षा करता है। भारत में एनीमिया एक महामारी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक वयस्क महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुष एनीमिया से प्रभावित हैं। एनीमिया आयरन की कमी से लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या घटाता है, जिससे एचबीए1सी का स्तर कृत्रिम रूप से ऊंचा हो जाता है। परिणामस्वरूप, जो व्यक्ति डायबिटीज से ग्रस्त नहीं है, उसे गलत तरीके से डायबिटीज का मरीज घोषित कर दिया जा सकता है। इसके विपरीत, हीमोग्लोबिनोपैथी (जैसे थैलेसीमिया, जो भारत में 4: आबादी को प्रभावित करता है) या जी6पीडी की कमी एचबीए1सी को कम दिखा सकती है, जिससे वास्तविक डायबिटीज वाले मरीजों का निदान देरी से होता है।

अध्ययन के अनुसार, दक्षिण एशियाई लोगों में एचबीए1सी और वास्तविक ब्लड ग्लूकोज के बीच सहसंबंध कमजोर है। उदाहरण के लिए, एनीमिया वाले क्षेत्रों में एचबीए1सी पर निर्भरता से डायबिटीज का निदान 20-30 प्रतिशत मामलों में गलत हो सकता है। यह न केवल निदान को प्रभावित करता है, बल्कि उपचार को भी, अनावश्यक दवाएं या देरी से उपचार से जटिलताएं जैसे हृदय रोग, किडनी फेलियर बढ़ सकती हैं। अध्ययन की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जैसे विकासशील देशों में जहां एनीमिया और आनुवंशिक विकार आम हैं, एचबीए1सी को अकेले इस्तेमाल करना जोखिमपूर्ण है। यह पश्चिमी आबादी पर आधारित मानकों को सीधे लागू करने की भूल को उजागर करता है।

भारत में डायबिटीज का बोझ पहले से ही भारी है। आईसीएमआर के अनुसार, 2030 तक यह 13।5 करोड़ तक पहुंच सकता है, लेकिन यह अध्ययन बताता है कि लाखों लोग अनदेखे डायबिटीज से पीड़ित हो सकते हैं, क्योंकि एचबीए1सी पर अंधविश्वास ने अन्य टेस्ट जैसे ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट (ओजीटीटी) या फास्टिंग प्लाज्मा ग्लूकोज (एफपीजी) को पीछे धकेल दिया है। विशेष रूप से ग्रामीण भारत और महिलाओं के लिए यह खतरा अधिक है, जहां एनीमिया दर 60 प्रतिशत से ऊपर है। देरी से निदान से न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ भी बढ़ता है। चिंता का मतलब घबराहट नहीं होना चाहिए। यह अध्ययन एक जागृति का संकेत है। भारतीयों की आनुवंशिक संरचना जैसे 'थ्रिफ्टी जीन' हाइपोथेसिस, जो दक्षिण एशियाई लोगों में इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देती है, पहले से ही डायबिटीज को जन्मभूमि बनाती है। लेकिन एचबीए1सी की सीमाएं जानकर हम बेहतर रणनीति बना सकते हैं। अगर हम इसे नजरअंदाज करेंगे, तो 'साइलेंट किलर' जाने जाने वाली डायबिटीज और घातक हो जाएगी।

गौरतलब है कि फार्मा उद्योग, जो डायबिटीज मार्केट से सालाना अरबों-खरबों कमाता है, इस अध्ययन से हलचल में आ सकता है। भारत में एचबीए1सी टेस्ट किट्स का बाजार 500 करोड़ रुपये से अधिक का है। इस अध्ययन से बड़ी कमानियों की बिक्री प्रभावित हो सकती है, क्योंकि डॉक्टर अब कॉम्बिनेशन टेस्ट की सिफारिश करेंगे। संभावना है कि फार्मा कंपनियां वैकल्पिक डायग्नोस्टिक टूल्स पर निवेश बढ़ाएंगी। दवाओं के मामले में भी सदियों से चली आ रही दवाओं पर सीधा असर कम होगा, क्योंकि निदान गलत होने से उपचार की शुरुआत प्रभावित होगी, लेकिन एक बार निदान हो जाए तो दवाओं को उसी मुताबिक दिया जाएगा। हालांकि, फार्मा इंडस्ट्री की लॉबी इस अध्ययन को चुनौती दे सकती है, यह दावा करते हुए कि एचबीए1सी अभी भी उपयोगी है। वहीं वैश्विक स्तर पर, कुछ कंपनियां, जो अलग तरह के जांच उपकरण व दवाएं बेचती हैं, इस नए अध्ययन को मार्केटिंग के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं। कुल मिलाकर, यह उद्योग के लिए एक अवसर भी साबित हो सकता है, जो बाजार को नया आयाम देगा, लेकिन अगर प्रतिक्रिया नकारात्मक हुई, तो नियामक दबाव बढ़ सकता है। भारतीय डॉक्टर इस अध्ययन से सहमत हैं, लेकिन घबराहट की बजाय सतर्कता की वकालत करते हैं। प्रोफेसर अनूप मिश्रा, अध्ययन के मुख्य लेखक और फोर्टिस सीकेडी हॉस्पिटल के चेयरमैन, कहते हैं, एचबीए1सी पर पूर्ण निर्भरता से डायबिटीज की स्थिति का गलत वर्गीकरण हो सकता है। कुछ लोग अनुचित रूप से देरी से निदान हो सकते हैं। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के एक सर्वे में 70 प्रतिशत डॉक्टरों ने कहा कि एनीमिया वाले मरीजों में ओजीटीटी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अध्ययन के बाद, डॉक्टरों का मत है कि एचबीए1सी उपयोगी है, लेकिन अकेला नहीं। वो मानते हैं कि मिलीजुली प्रकिया के तहत डायबटीज जैसी बीमारी का निदान किया जा सकता है।

यह अध्ययन हमें निष्क्रियता से हटाकर सक्रियता की ओर ले जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर आप एचबीए1सी टेस्ट करवा रहे हैं, तो सीबीसी (कम्प्लीट ब्लड काउंट) से एनीमिया भी चेक जरूर करवाएं। अगर एनीमिया है, तो ओजीटीटी या एफपीजी पर स्विच करें। इसके साथ ही 30 वर्ष से ऊपर वाले व्यक्तियों को हर साल कम से कम दो टेस्ट. एफपीजी और एचबीए1सी करवाने चाहिए। डायबिटीज का 80: जोखिम रोकथाम योग्य है। दैनिक 30 मिनट व्यायाम, फाइबर-युक्त आहार (दालें, सब्जियां) और वजन नियंत्रण अपनाएं। अध्ययन दिखाता है कि भारतीयों में वजन बढ़ने से इंसुलिन रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ता है। एनीमिया रोकने के लिए आहार में पालक, गुड़ और पौष्टिक आहार शामिल करें, लेकिन अपने डॉक्टर की सलाह से। अस्पतालों और सामाजिक संस्थाओं को सामुदायिक स्तर पर कैंप लगाने चाहिए, जिससे कि जागरूकता बढ़े। सस्ते व आसानी से उपलब्ध ग्लूकोमीटर या ऐप्स से घर पर मॉनिटरिंग करें। ए कदम न केवल डायबिटीज को नियंत्रित करेंगे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य भी सुधारेंगे। यह अध्ययन एचबीए1सी को खारिज नहीं करता, बल्कि इसकी सीमाओं को उजागर करता है। भारतीयों के लिए यह एक जागृति का क्षण है, चिंता करें, लेकिन उचित कार्रवाई भी करें। डायबिटीज से लड़ाई में सटीक निदान पहला कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



मुंबई। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## लालू यादव की जमानत खारिज करने संबंधी याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देवघर चारा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को मिली जमानत के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की अपील पर सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिस्वर सिंह की पीठ मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यादव की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दी गई थी। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि उच्च न्यायालय ने सजा निलंबित करते समय कानून को गलत अर्थ में देखा है।

## भारत-नेपाल व्यापार महोत्सव 20 फरवरी से दिखेगी नेपाली संस्कृति की झलक

**नई दिल्ली।** एवरेस्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ईसीसीआई) दिल्ली के हौज खास में 20 फरवरी से तीन दिवसीय भारत-नेपाल व्यापार सम्मेलन का आयोजन करेगा जिसमें लोगों को पर्वतीय देश की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। भारत में नेपाली कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन के पदाधिका. रियों ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन में 20 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाले इस व्यापार मेले में नेपाल के खास उत्पाद, वहां के खान-पान और वहां की संस्कृति को दर्शाया जाएगा।


# नर्सरी में धतूरे का पौधा उगाता था जेफ्री एपस्टीन

## जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**वाशिंगटन।** हाल ही में जारी हुए एपस्टीन फाइल्स के ईमेल्स में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की जहरीले पौधों में दिलचस्पी को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इन ईमेल्स में खास तौर पर 'ट्रम्पेट प्लांट्स' (धतूरा का पौधा) का जिक्र है। ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था।

बताया गया कि इसके असर में व्यक्ति को कहीं भी 'ले जाया' जा सकता है, क्योंकि वह पूरी तरह आज्ञाकारी और भ्रमित हो जाता है। हिंदू परंपरा में धतूरा भगवान शिव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे पी लिया। शिव मंदिरों में धतूरा के फूल और फल चढ़ाए जाते हैं। ईमेल के स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि उसके फाइनेंसर ने ऐसे पौधों में रुचि दिखाई थी। धतूरा के पौधों से स्कोपोलामीन नाम का एक रसायन निकलता है, जो दिमाग पर गहरा असर डालता है। स्कोपोलामीन याददाश्त कमजोर

**■ ईमेल्स में ऐसे लेख फारवर्ड किए गए थे, जिनमें कोलंबिया में इसके इस्तेमाल का जिक्र था**



कर सकता है, व्यक्ति को भ्रम की स्थिति में डाल सकता है। इसी वजह से कुछ विशेषज्ञ इसे 'जाम्बी ब्रीथ' भी कहते हैं। इसमें बताया गया था कि यह दवा लोगों को बहुत ज्यादा असर डालती है और उन्हें आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। ईमेल्स से पता चलता है कि एपस्टीन धतूरा के पौधे के बारे में पूछताछ कर रहा था। हालांकि यह साफ नहीं है कि उसने इनका इस्तेमाल किया या नहीं। वहीं, 2022 के एक अन्य ईमेल में एक पीड़ित के बयान का जिक्र है, जिसमें स्कोपोलामीन के संपर्क में आने की बात कही गई है। इन दस्तावेजों से यह साफ होता है कि एपस्टीन ऐसे पौधों से जुड़ा था, जिनमें दिमाग को प्रभावित करने की ताकत होती है। ईमेल्स में 3 बार इस पौधे का जिक्र-पहला ईमेल (3 मार्च 2014- यह ईमेल सीधे एपस्टीन ने 'एन रोड्रिगेज' नाम के एक व्यक्ति को भेजा था। ईमेल में उन्होंने लिखा था कि नर्सरी में लगे उनके ट्रम्पेट पौधों के बारे में क्रिस से पूछो। इससे साफ संकेत मिलता है कि एपस्टीन की नर्सरी में ट्रम्पेट प्लांट यानी धतूरा के पौधे लगे हुए थे। दूसरा ईमेल (27 जनवरी 2015-बताया जाता है कि यह ईमेल फ्रांसीसी फैशन फोटोग्राफर एंटोनी वेरग्लास की ओर से आगे भेजा गया था। ईमेल्स में जिस 'जाम्बी फ्लावर' का जिक्र है, वह दरअसल ट्रम्पेट आकार वाले पौधे हैं। फारवर्ड किए गए एक मैसेज का शीर्षक था- स्कोपोलामीन: कोलंबिया के जंगलों में उगने वाली एक शक्तिशाली दवा, जो इंसान की चेतना को खत्म कर देती है। यह मैसेज डेली मेल और वाइस की एक रिपोर्ट से जुड़ा था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक अधिकार नेता जेसी जैक्सन का निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुजर गये। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक जाने-माने मानवा. धिकार कार्यकर्ता थे। उन्होंने 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए दो बार चुनाव लड़ा था।

### स्पेन में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्वी स्पेन में सोमवार को आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय अधिका. रियों ने यह जानकारी दी है। कैटलन क्षेत्रीय अग्निशमन सेवा ने एक बयान में कहा कि आग बार्सिलोना प्रांत के मान्लेउ शहर में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन वहां पांच लोग मृत पाए गए। चार अन्य को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### म्यांमार में जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका

**यांगून।** उत्तरी म्यांमार के काचिन में सोमवार रात एक जेड खदान ढहने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। यह घटना हपाकांत टाउनशिप में स्थानीय समयानुसार कल रात करीब 9:30 बजे हुई। खदान ढहने के बाद बड़ी संख्या में लोग बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर जमा हो गए, लेकिन खदान के बहुत बड़े पैमाने पर ढहने के कारण काम में रुकावट आई। काचिन राज्य पुलिस के अनुसार जब यह हादसा हुआ तब खदान में करीब 50 लोग काम कर रहे थे।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बनाए गए, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

**ढाका।** बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंत. रिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सां. सदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं।

17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई राय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने तारिक रहमान को प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। बाद में दोनों ने हाथ मिलाया। इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62 प्रतिशत लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुता. बिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी। इस अवधि के दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में बदलाव किए जाते। जुलाई चार्टर का मकसद देश में ताकत का एकाधिकार खत्म करना और संतुलन बनाना है। इससे प्रधानमंत्री की ताकत घट जाती और राष्ट्रपति को अधिकार दिए जाते। बीएनपी ने जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन उसके नेता कई प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। पार्टी का कहना है कि चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह नहीं ली गई थी। बीएनपी के स्टैंडिंग कमिटी सदस्य और सांसद सलाहुद्दीन अहमद ने बताया कि पार्टी के कोई भी सांसद इस परिषद के सदस्य के रूप में शपथ नहीं लेंगे। वर्तमान संविधान में ऐसी किसी परिषद का कोई प्रावधान नहीं है और न ही कोई अलग शपथ का फार्मेट मौजूद है। उनका कहना है कि संसद सदस्य केवल संसद के लिए चुने गए हैं, संवैधानिक सुधार परिषद के लिए नहीं। इस परिषद को वैध बनाने के लिए पहले संविधान में संशोधन करके इसे शामिल करना होगा, फिर संसद में इसे अपनाना होगा और उसके बाद ही शपथ का कोई कानूनी आधार बनेगा। यह परिषद जुलाई चार्टर के तहत संवैधानिक सुधारों को लागू करने के लिए बनाई गई है। योजना थी कि नए संसद सदस्य के साथ-साथ इस परिषद के सदस्य भी बनें और दोनों के लिए शपथ लें, लेकिन बीएनपी ने इसे असंवैधानिक बताते हुए केवल संसद सदस्य की शपथ ली है। जुलाई चार्टर के तहत पीएम के लिए जीवनभर कुल 10 साल (या अधिकतम दो टर्म) की सख्त टर्म लिमिट लगाई गई है, ताकि कोई लंबे समय तक सत्ता में न रह सके। पीएम पार्टी चीफ के पद के साथ नहीं रह सकता, इमरजेंसी घोषणा के लिए कैबिनेट और विपक्षी लीडर की लिखित सहमति जरूरी होगी। प्रेसिडेंट की भूमिका मजबूत होगी, जैसे कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में प्रेसिडेंट को ज्यादा स्वतंत्र अधिकार मिलेंगे, जो पहले पीएम के प्रभाव में थे। बाइकैमरल संसद (ऊपरी सदन) बनने से पीएम-केंद्रित निचले सदन के फैसलों पर कंट्रोल लगेगा और कई संस्थाओं के लिए अलग सेलेक्शन कमिटी बनेगी, जिससे पीएम का एकतरफा नियंत्रण कम होगा।



**■ पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था**

### यूनुस ने किया पूर्वोत्तर भारत के 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों का उल्लेख

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में भारत का उल्लेख तो नहीं किया, लेकिन 'सात बहनों' का संबोधन करते हुए कहा कि बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों (सेवन सिस्टर्स) को आर्थिक समृद्धि के लिए विशाल अवसर दे सकता है। यूनुस ने सोमवार रात अपने संबोधन में कहा कि खुला समुद्र केवल (बांग्लादेश की) भौगोलिक सीमा नहीं है। यह बांग्लादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ काम करने का अवसर है। बांग्लादेश सात बहनों, नेपाल और भूटान के लिए आर्थिक खुशहाली की बहुत बड़ी संभावना दे सकता है। 'सात बहन राज्यों' का अर्थ भारत के पूर्वोत्तर में मौजूद सात राज्यों से है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मेघालय, असम, त्रिपुरा, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं। यूनुस ने अपने बयान में नेपाल और भूटान का भी जिक्र किया, लेकिन उनके शब्दों में पड़ोसी भारत का कोई उल्लेख नहीं था।

## ओम बिरला ने बांग्लादेश के नए पीएम तारिक रहमान से की मुलाकात

**■ पीएम मोदी का पत्र सौंपा, भारत आने का दिया निमंत्रण**

**ढाका।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को ढाका में नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस बात की जानक. री उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। बिरला ने एक्स पर लिखा कि नई बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। भारत हमेशा बांग्लादेश के लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। मुलाकात के दौरान, बिरला ने रहमान को पद ग्रहण की बधाई दी और उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भेजे गया पत्र भी तारिक रहमान को सौंपा। दोनों नेताओं ने भारत और बांग्लादेश के लोगों के भले के लिए मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की। बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने बताया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी शुभकामनाएं भेजी। उन्होंने कहा कि दोनों नेता जनकेंद्रित सहयोग के तहत भारत और बांग्लादेश के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए आशावादी हैं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा 18 से

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनी. तिक समझौते करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया है।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई

**■ नई फाइल्स में खुलासा अमेरिकी अधिकारी पीड़ित मुआवजा फंड से मदद देने के लिए तलाश रहे थे**

**■ नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल**

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी।

13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है। रिलीज दस्तावेजों में इस मेल का टाइटल 'एपस्टीन विक्टिम्स' है, हालांकि अधिकारियों ने नाम और कुछ जानकारियां छुपाई गई हैं। दस्तावेज में अमेरिकी अधिकारियों से भारतीय लड़की और उसकी कान्टैक्ट डीटेल्स निकालने के लिए कहा गया है। नई फाइल्स में 5 जून 2014 को बिल गेट्स और एपस्टीन के बीच बातचीत की एक ईमेल शामिल है।

## उपभोक्ता हेल्पलाइन से 31 क्षेत्रों में 79521 शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने गत 31 जनवरी तक नौ महीनों की अवधि के दौरान धनवापसी के दावों से संबंधित 79521 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह समाधान 31 क्षेत्रों में किया गया है। सूचना में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 31 क्षेत्रों में 52 करोड़ रुपये की राशि की वापसी हो सकी है। मुकदमे से पहले के चरण में 79,521 शिकायतों का समाधान किया गया है और इसमें ई-कॉमर्स का हिस्सा सबसे ज्यादा है। विभाग की यह प्रमुख पहल उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत प्रभावी, सुलभ और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत का दूसरा दौर शुरू

## अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है

**■ बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था**

**जिनेवा।** अमेरिका और ईरान के बीच बहुप्रतीक्षित अप्रत्यक्ष वार्ता का दूसरा दौर मंगलवार को जिनेवा में शुरू हुआ। यह बैठक ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित है।

ईरान का प्रस्ताव है कि अगर अमेरिका ईरान पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने और उसकी स्थिर संपत्तियों के इस्तेमाल को मंजूरी देता है, तो वह अपने संवर्धित यूरेनियम की गुणवत्ता कम करने के लिए तैयार है। अमेरिका इस बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर भी चर्चा करना चाहता है, लेकिन ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने स्पष्ट किया है कि वह इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस बैठक में 'अप्रत्यक्ष' रूप से शामिल होंगे। बैठक में ईरान की ओर से विदेश मंत्री अराघची शामिल होंगे, जबकि अमेरिका का प्रतिनिधित्व ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जैरेड कुश्नर करेंगे। बातचीत का पहला दौर पश्चिमी एशिया के कई देशों की मध्यस्थता के बाद ओमान की राजधानी मस्कट में हुआ था। अमे. रिका और ईरान दोनों ने इसे एक 'अच्छी शुरुआत' करार दिया था, लेकिन दोनों देशों के बीच किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई थी।

## हंगरी, अमेरिका ने परमाणु सहयोग समझौते पर किए हस्ताक्षर

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिये हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमे. रिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गई छूट, हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों का सहयोग खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि यह परमाणु ऊर्जा समझौता नवंबर में व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री ऑर्बान के बीच हुई बैठक में हुई चर्चाओं का परिणाम है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अमे. रिकी सरकार ने हंगरी को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को निलंबित कर दिया है, जिससे द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# जेलेंस्की ने हंगरी के पीएम का उड़ाया मजाक

## कहा: वो अपना पेट बढ़ा रहे, सेना नहीं, यूक्रेन जंग में रूस का विरोध नहीं करने से नाराज

**म्यूनिख।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने जर्मनी के म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस में हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर आर्बन का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, रूस से लड़ रहा है, इसलिए यूरोप के देश आज आजादी से जी पा रहे हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि विक्टर आर्बन सोच रहे हैं कि अपना पेट कैसे बढ़ाया जाए, लेकिन ये नहीं सोच रहे कि सेना को कैसे बढ़ाया जाए, ताकि रूस टैंकों को बुडापेस्ट (हंगरी की राजधानी) की सड़कों पर फिर लौटने से रोका जा सके। जेलेंस्की का कहना है कि आर्बन रूस के खतरे को गंभीरता से लेने के बजाय अपनी राजनीति और आराम पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वे सुरक्षा और रक्षा तैयारियों के बजाय दूसरी बातों में ज्यादा उलझे हुए हैं। रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है। 1956 में सोवियत टैंक हंगरी में घुसे थे और विद्रोह को कुचल दिया गया था। जेलेंस्की यह दिलाना चाहते हैं कि अगर रूस को खुली छूट दी गई और समय रहते उसका विरोध नहीं किया गया, तो ऐसा खतरा दोबारा भी सामने आ सकता है। कोल्ड वार के समय हंगरी सोवियत यूनियन (आज का रूस) का हिस्सा था। बीते कुछ सालों में यूक्रेन और हंगरी के रिश्ते काफी तनावपूर्ण हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आर्बन पर रूस को लेकर नरम रुख अपनाने का आरोप है। हाल के हफ्तों में उन्होंने देश के चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ बयानबाजी भी तेज कर दी है। इससे पहले 2022 में रूसी हमले के बाद यूक्रेन ने यूरोपीय संघ (ईयू) में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तब आर्बन के वीटो की वजह से आगे की बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी थी। बाकी यूरोपीय देशों के उलट, हंगरी ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रूस से अपने रिश्तों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया। जेलेंस्की ने कहा कि अब पुराने दिन खत्म हो चुके हैं। अमेरिका अब यूरोप को पहले जैसा साझेदार नहीं मानता। इसलिए यूरोप को यूक्रेन के साथ मिलकर अपनी खुद की सेना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह युद्ध कुछ नेताओं के बीच बैठकर तय नहीं किया जा सकता। न तो डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन मिलकर इसका फैसला कर सकते हैं, न ही मैं खुद और पुतिन। म्यूनिख में बैठा कोई भी नेता अकेले पुतिन से बात करके इस युद्ध का अंत तय नहीं कर सकता।



**■ रूसी टैंकों के बुडापेस्ट की सड़कों पर लौटने की बात हंगरी के इतिहास से जुड़ी चेतावनी है**

## किम-जोंग की बहन या बेटी देश की अगली तानाशाह कौन

**■ एक्सपर्ट बोले: भाई जितनी ही खूंखार, राष्ट्रपति को छोड़ सबको फांसी दे सकती हैं**

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग की बाद अगला तानाशाह बनने के लेकर उनकी बहन और बेटी में संघर्ष छिड़ सकता है। यह दावा दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में किया है। दरअसल किम जोंग पिछले कुछ समय से लगातार अपनी 13 साल की बेटी शकिम जू एऐ के साथ सर्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि वो किम जू-ए को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकते हैं। इसे लेकर दक्षिण कोरिया के पूर्व राजदूत राह जोंग-यिल ने कहा कि किम जू-ए के लिए रास्ता बिल्कुल आसान नहीं होगा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती किम जोंग-उन की छोटी बहन 'किम यो-जुंग' होंगी, जो अपने भाई जितनी ही खूंखार मानी जाती हैं। 38 साल की किम यो-जुंग को उत्तर कोरिया में दूसरी सबसे ताकतवर शख्स हैं। पार्टी से लेकर सेना तक उनकी मजबूत पकड़ है। यहां तक कहा जाता है कि वे राष्ट्रपति को छोड़कर पार्टी की 250 सदस्यीय केंद्रीय समिति के किसी भी नेता को मौत की सजा दे सकती हैं। राह जोंग-यिल का कहना है कि अगर किम यो-जुंग को लगा कि उनके पास शीर्ष नेता बनने का मौका है, तो वे बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी। यानी सत्ता संघर्ष की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्य एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि अगर अचानक किम जोंग-उन को कुछ हो जाता है या वे शासन करने की हालत में नहीं रहते, तो किम यो-जुंग तुरंत सत्ता संभालने की कोशिश कर सकती हैं। किम यो-जुंग को बचपन में 'स्वीट प्रिंसेस यो-जोंग' कहा जाता था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108